




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 92 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 14 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


### सुपेला अंडरब्रिज के विरोध में बैठे व्यापारियों से मिले सांसद बघेल

# इंजीनियर के साथ चर्चा कर सुलझाई समस्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला अंडरब्रिज के विरोध में बैठे व्यापारियों से मिलने शनिवार को सांसद विजय बघेल पहुंचे। सांसद ने अंडरब्रिज से प्रभावित हो रहे व्यापारियों की समस्या सुनी। मौके पर प्रोजेक्ट के सेक्शन इंजीनियर को बुलाया और व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। इसके बाद सांसद बघेल ने समस्या का समाधान कराया और व्यापारियों को हड़ताल खत्म करने की सलाह दी। मौके पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, भिलाई चेंबर अध्यक्ष गारगीशंकर मिश्रा व पार्षद पीयूष मिश्रा सहित यहां के व्यापारी उपस्थित रहे।



बता दें सुपेला में आकाश गंगा व दक्षिण गंगोत्री के बीच रेलवे फाटक की जगह अंडरब्रिज निर्माण किया जा रहा है। चार माह पूर्व इसका काम भी शुरू हो गया। अंडरब्रिज का काम शुरू होने के बाद रेलवे क्रासिंग के किनारे बने शोरूम व इनसे जुड़े व्यापार पर संकट की संभावना को देखते हुए व्यापारियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विगत चार माह से अपनी मांगों को लेकर व्यारी यहां हड़ताल पर हैं। व्यापारियों की मांग है कि अंडरब्रिज बनने के बाद उनका व्यापार प्रभावित न हो इसके इंतजाम किए जाएं। इसे लेकर व्यापारियों ने कलेक्टर से लेकर रेलवे डीआरएम तक आवेदन कर चुके हैं।

### सांसद ने मौके से की डीआरएम से बात

व्यापारियों की समस्या सुनने के बाद सांसद विजय बघेल ने मौके पर मौजूद सेक्शन इंजीनियर अरूण चौधरी से चर्चा की। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने बीच का रास्ता निकालकर व्यापारियों की समस्या का समाधान करने की बात कही। इस पर सेक्शन इंजीनियर ने क्रासिंग के पास एक बाईपास देने पर सहमति बनी। वहीं दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान की ओर से आकाश गंगा के बीच भी सड़क खोलने की बात हुई। इसमें कुछ तकनीकी खामियां आ रही हैं। इसे लेकर सांसद विजय बघेल ने डीआरएम संजीव कुमार से चर्चा की। सांसद बघेल ने डीआरएम संजीव कुमार से चर्चा कर उन्हें समस्या से अवगत कराया। इस दौरान सांसद ने सर्कस ग्राउंड से आकाशगंगा के बीच रास्ता देने की बात हुई। इस पर सांसद ने डीआरएम से मौका मुआयना कर इसका समाधान करने की बात कही। डीआरएम संजीव कुमार ने भी सांसद की बातों पर सहमति जताई और आगे इसे लेकर प्लान बनाने की बात कही। सांसद ने यह भी कहा कि यदि प्रोजेक्ट में आंशिक बदलाव पर कोई परेशानी होती है तो उच्च अधिकारियों से वे बात करेंगे। सांसद बघेल की समझाइश के बाद व्यापारियों ने अपना हड़ताल खत्म करने पर सहमति जताई है।

## खास खबर...



## भारत जोड़ो यात्रा में चल रहे कांग्रेस सांसद का निधन, पैदल चलने के दौरान तेज हो गई थी धड़कने

**लुधियाना।** भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ चल रहे कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी का निधन हो गया है। शनिवार को वे भारत जोड़ों में शामिल होने के बाद राहुल गांधी के साथ चल रहे थे अचानक उनकी धड़कने तेज गई तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद राहुल गांधी ने यात्रा को रोका और सांसद को अस्पताल पहुंचाया। वे खुद भी अस्पताल पहुंचे जहां उनका निधन हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी की यात्रा आज सुबह 7 बजे लुधियाना के लोडोवाल से शुरू हुई थी। यात्रा को सुबह 10 बजे जालंधर के गोराया में पहुंचना था, जहां लंच के लिए यात्रा में विराम दिया जाता। लंच के बाद शाम तीन बजे यात्रा को फिर से शुरू करना था और छह बजे फगवाड़ा के बस स्टेशन के पास रुकती। शेड्यूल के मुताबिक ही यात्रा आगे बढ़ रही थी। लेकिन आज सुबह करीब 9 से 9:30 के बीच राहुल गांधी के साथ चल रहे कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में उनका निधन हो गया। कांग्रेस सांसद के निधन के बाद यात्रा को रोक दिया गया।

## तिल,गुड़ और रेवड़ी ने घोली लोहड़ी में मिठास, घर से कचरे से जली बोगी

### पंजाबी समाज में लोहड़ी का जश्न, मिनी इंडिया में संक्रांति के कई रंग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** तिल, गुड़ रेवडी, फुल्ले (पॉपकान) और मूंगफली के साथ ठंड को भगाती आग के बीच पंजाबी समाज ने लोहड़ी का जश्न मनाया। ऊंची उठती अग्नि शिखाओं के चारों ओर एकत्रित होकर सभी ने लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवडी, फुल्ले एवं मूंगफली डालकर परिवार के अच्छे स्वास्थ्य, सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद बच्चों ने लोहड़ी के पारंपरिक गीत दे माई लोहड़ी, जीवे तेरी जोड़ी गाकर लोहड़ी भी मांगी। लोगों ने पारंपरिक गीतों और ढोल की थाप पर गिद्दा और भांगड़ा भी किया। कई घरों में नई दुल्हन और बच्चे की पहली लोहड़ी धूमधाम से सेलिब्रेट की गई। मिनी इंडिया में सिख समाज के लोगों के घर पंजाब सा माहौल था। घरों में पारंपरिक व्यंजन सरसो का साग, मक्के की रोटी, गुड की खीर, मावा दी दाल आदि भी बनाए गए।

### आंध्र समाज में जलाई बोगी

आंध्र समाज के लोगों ने शनिवार को संक्रांति के एक दिन पहले बोगी जलाई। महिलाओं ने घर के कचरे और लकडियों को मिलाकर बोगी तैयार की। इस बोगी को जलाकर महिलाओं ने पारंपरिक तेलुगु गीत गाएं और आग के चारो ओर घूमकर नृत्य भी किया। इससे पहले वे भगवान श्री गणेश के साथ-साथ नए चावल, गन्ने आदि की पूजा की और यह सारी सामग्री बच्चों में बांटी। आंध्र समाज भी रविवार को संक्रांति मनाएगा। इस दौरान घरों में पारंपरिक व्यंजनों के साथ संक्रांति की धूम रहेगी।

### संक्रांति पर सुबह होगा स्नान और दान

रविवार को मकर संक्रांति के मौके पर ट्विनसिटी में कई रंग नजर आएंगे। अलग-अलग समाज अपने रीति अनुसार संक्रांति मनाएंगे। गुजराती समाज में मकर संक्रांति पर खिचड़ी का दान कर सभी पूरे परिवार के साथ पतंगबाजी का मजा लेंगे। महाराष्ट्रीयन समाज में मकर संक्रांति हल्दी-कुमकुम उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। रविवार को सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति का पर्व सभी समाज में अलग तरीके से मनाया जाएगा। कही खिचड़ी का दान होगा तो कही सुबह नदी में स्नान कर तिल दान में दिए जाएंगे।

## सुकमा में आईईडी ब्लॉस्ट: सीआरपीएफ कैम्प 153 से कुछ दूर धमाका, एएसआई गंभीर रूप से घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में माओवादियों की लगाई आईईडी ब्लॉस्ट में जवान घायल हो गया है। पेगड़ापल्ली सीआरपीएफ कैम्प 153 से कुछ दूर ब्लास्ट हुआ है। जवान नक्सल अभियान पर निकले थे। धमाके में एएसआई मोहम्मद असलम घायल हो गए हैं। एएसआई को पैर में गंभीर चोट आई है। घायल को बासागुड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ देर में चॉपर से रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। घटना तरेम थाना इलाके की है।

## कैंसर का इलाज कराने पहुंचे बुजुर्ग से लूट ऑटो के हेल्पर ने दिया वारदात को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कैंसर का इलाज कराने भिलाई पहुंचे बुजुर्ग से लूट हो गई। घटना शुक्रवार बताई जा रही है। प्रार्थी जिस ऑटो में बैठकर




हॉस्पिटल जा रहा था उसी का हेल्पर बुजुर्ग को लूटकर फरार हो गया। बताया जा रहा था जिस समय यह घटना हुई तब सड़क से कई लोग गुजर रहे थे लेकिन किसी ने भी बुजुर्ग की सहायता नहीं की। बुजुर्ग ने ऑटो का नंबर नोट कर लिया और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने ऑटो हेल्पर के खिलाफ 392 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पूनम कॉलोनी राजनांदगांव निवासी सुरेन्द्र सिंह (68) शुक्रवार को अपना इलाज कराने पहुंचा था। वह दुर्ग में उतरा और एक ऑटो में बैठकर नेहरू नगर भिलाई स्थित मित्तल हॉस्पिटल के निकला था। इस दौरान बुजुर्ग के पास 35 हजार रुपए रखे हुए थे। ऑटो चालक भिलाई के लिए रवाना हुआ और वाईसेप ब्रिज के ट्राफिक पाईंट से ऑटो वापस मुड़ गया और दुर्ग की ओर जाने लगा। तब सुरेन्द्र सिंह ने ऑटो चालक से कहा कि उसे भिलाई जाना है। उसने ऑटो रोका सुरेन्द्र सिंह उतर गया। इस दौरान ऑटो में बैठे हेल्पर उसका बैग व मोबाइल छीन लिया और वहां से भाग गए।










## संपादकीय

### शरद यादव का जाना

भारत में समाजवादी राजनीति की दूसरी पीढ़ी के एक स्तंभ शरद यादव की विदाई अपूरणीय क्षति है। देश के तीन राज्यों में चुनाव लड़ने वाले, सात बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले और राज्यसभा में भी रहने वाले शरद यादव वास्तव में भारतीय राजनीति का एक मिलनसार या व्यावहारिक चेहरा रहे। समाजवादी राजनीति के प्रति समर्पित होने के बावजूद लगभग सभी तरह की विचारधारा के दलों में उनके मित्र और सहयोगी थे। जिस दौर में मिल-जुलकर चलने की राजनीति विरल होती जा रही है, उस दौर में शरद यादव की कमी का खलना स्वाभाविक है।

> “ जब हवाला कांड में शरद यादव का नाम आया और उन पर पांच लाख रुपये लेने के आरोप लगे, तब उन्होंने नैतिकता का परिचय देते हुए फौरन लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। बाद में इस आरोप से अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था। उन्हें उनकी साफगोई के लिए भी याद किया जाएगा।

लंबे समय तक वह विपक्ष की एक मजबूत धुरी रहे। बड़बोलेपन या अनावश्यक आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तो उन्हें आती ही नहीं थी। वह अपने चरम दौर में बहुत अच्छे वक्ता रहे, लेकिन कटु बोलना उन्हें कभी न आया। बहुत दिखावा करने, शोर मचाने या अपने चुनाव क्षेत्र में सरकारी संसाधनों को जुटा लाने की सियासत भी उन्हें नहीं आती थी। इसके बावजूद वह कम से कम 45 वर्ष से केंद्रीय राजनीति की मुख्यधारा में बने हुए थे। एकाधिक बार तो वह केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे और राजनीतिक करियर में उन्हें ज्यादा समय संगठन संचालन के लिए ही जाना-पहचाना गया। उन्हें याद करते हुए यह जरूर रेखांकित किया जाएगा कि नेता या जन-प्रतिनिधि के रूप में वह लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पसंद थे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने और देश की राजनीति को बदलने की इच्छा रखने वाले युवा शरद यादव को 27 की उम्र में ही लोकनायक ने पहचान लिया था। 1977 में जनता पार्टी के प्रयोग से तीन साल पहले ही 1974 में वह मध्य प्रदेश के जबलपुर लोकसभा क्षेत्र से उप-चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे। किन पढ़े-लिखे युवा ऊर्जावान नेताओं में लोकनायक देश का भविष्य देख रहे थे, इसका पता तब चलता है, जब हम शरद यादव जैसे कद्दावर नेता का समग्रता में अध्ययन करते हैं। इतनी लंबी राजनीति के बाद भी यदि हम उनके दामन पर दाग खोजें, तो मुश्किल होगी। यदि उनसे जुड़े विवाद खोजें, तो और भी कठिनाई होगी। नेताओं को आज के समय में जिन नकारात्मक संदर्भों या असंतोष के साथ याद किया जाता है, वैसा कोई संदर्भ या असंतोष शरद यादव के नाम के साथ कभी नहीं चिपका। जब हवाला कांड में शरद यादव का नाम आया और उन पर पांच लाख रुपये लेने के आरोप लगे, तब उन्होंने नैतिकता का परिचय देते हुए फौरन लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। बाद में इस आरोप से अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था। उन्हें उनकी साफगोई के लिए भी याद किया जाएगा। देश के दिग्गज नेताओं के शोक संदेशों पर भी जरूर निगाह फेरनी चाहिए, इससे भी अंदाजा होता है कि राजनीति ने एक अलग तरह का राजनेता खो दिया। वह अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ वह लंबे समय तक रहे, लेकिन खासकर 2013 के बाद भाजपा के साथ उनकी अनुकूलता बहुत नहीं बन पाई, पर उन्होंने अन्य नेताओं की तरह कभी आवेश में आकर आलोचना नहीं की। जमीनी स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश में वह अंत तक जुटे रहे। किसी भी तरह के एकाधिकार के विरोध की समाजवादी सियासत उनकी रगों में बहती थी। आज वह नहीं हैं, अब जब भी विपक्ष के कद्दावर नेता मंच पर परस्पर जोड़ते हुए हाथ उठाएंगे, तब उस फोटो में शरद यादव की कमी जरूर खलेगी।

### खाली घर शरणार्थियों को दें

भरतपुर सरकार ने यह फैसला किया है कि शरणार्थियों पर अभी 6,00,000 रु. खर्च किया जाये। आगामी 4 महीनों तक रियासत में आने वाले शरणार्थियों की सहायता की जायेगी। तब तक नयी फसल उतर आएगी। सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों की एक कमेटी नियुक्त कर दी गई है, जो रियासत में आए हुए शरणार्थियों की सुख-सुविधा की व्यवस्था करेगी। 2500 शरणार्थियों का एक जत्था कुरुक्षेत्र से यहां पहुंच गया है। उन्हें रियासत के प्रसिद्ध नगर दीग में स्थान दिया गया है। जनवरी 1948 के प्रथम पखवाड़े में 6 हजार शरणार्थियों के दो जत्थों के यहां पहुंचने की आशा है। सम्भल (संयुक्त प्रान्त) में शरणार्थियों की संख्या लगभग 1200 है। शरणार्थी-सहायक समिति ने सबको खाना, कपड़ा, व मकान दिये हैं। दो शिविर 2 अक्तूबर से चल रहे हैं। यहां मकानों की अत्यंत कमी है। शहर में आये हुए शरणार्थियों में से अधिकतर मजदूर हैं, जो बराबर काम पर लग रहे हैं। अब अधिक शरणार्थियों के लिए स्थान मिलना कठिन है।... उधर हिसार जिले में हजारों शरणार्थी छोटे-छोटे खेमों में पड़े हुए हैं और सर्दी का कष्ट भोग रहे हैं। इधर मुसलमानों के छोड़े हुए मकानों पर यहां के लोगों और जिले के ऐसे सरकारी अफसरों ने, जिनके पास अपने निजी मकान हैं या जो पहिले हिन्दुओं के मकानों में किरायेदार थे, नाजायज कब्जा कर रखा है। यदि सरकार इन मकानों को खाली करवा के शरणार्थियों को बसा दे तो उन्हें सुख मिले और सरकार का खर्च कम हो। हिसार शहर, दाहमां, मंगाली, नंगथला, कलर भैणी, बीघड जमालपुर इत्यादि गावों में ऐसे सैकड़ों मकान खाली हो सकते हैं। मुसलमानों की छोड़ी हुई फसलें नीलाम में उन शरणार्थियों को ही मिलनी चाहिये थी जिनके पास यहां कोई फसल नहीं। पर, प्राय उन्हीं को ही दी गई, जिनके पास अपनी सैकड़ों बीघे फसल थी। गांव दाहमां के असली शरणार्थियों को एक बीघा भी नहरी फसल नहीं मिली। मंगाली, नंगथला दय्यापुर, बीघड़ लुहारी, कलर भैणी गांवों में भी उन्हें जमीन बहुत कम मिली। पुलिस लोगों के यहां से लूट का जो माल बरामद कर रही है, सरकारी कागजों में उसका मूल्य लाखों रुपये लिखा है, पर नीलाम होती है सैकड़ों में ही।

### पृथ्वी का उद्धार

मकर संक्रांति सूर्य के धनु से मकर राशि में प्रवेश और उसकी उत्तरायण गति के प्रारंभ का दिन है। इस दिन के बाद से मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। हिंदू शास्त्रों में दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि कहा गया है। इसे अशुभ माना गया है। इसके विपरीत उत्तरायण को देवताओं का दिन यानी शुभ माना गया है। पौराणिक कथा के अनुसार, मकर संक्रांति को इसीलिए पवित्र माना गया है, क्योंकि इसी दिन गंगा ने स्वर्ग अर्थात हिमालय से धरती पर उतरकर राजा सगर के सौ मृत पुत्रों और जलसंकट से त्रस्त पृथ्वी के इस भूभाग का उद्धार किया था। शास्त्रों व देवताओं की बात तो शास्त्र और देवता जानें, हमें तो अपने जीवनदायी सूर्य का हर रूप, हर गति, हर अंदाज और उससे घटित होने वाला हर ऋतु-परिवर्तन प्यारा है। सूर्य के सारे परिवर्तन हमारे जीवन और प्रकृति के लिए महत्वपूर्ण व अपरिहार्य हैं। हमारे लिए मकर संक्रांति प्रकृति में एक और ऋतु परिवर्तन के आरंभ का उद्घोष मात्र है। ऋतुराज बसंत की आहटें महसूस करने का दिन। महीनों की शीत के बाद रगों में धीरे-धीरे समाती उष्णता के आरंभ का दिन। इस दिन हम अपनी पवित्र नदियों में स्नान कर और उनका जल अर्पित कर सूर्य का आभार प्रकट करते हैं। मौसम का स्वागत नए कृषि उत्पादों के भोग के साथ होता है- दही-चूड़ा-गुड़, लाई, तिलकुट, चिक्की और खिचड़ी। भारत उत्सवधर्मियों का देश है। प्रकृति के हर रंग, हर तेवर, हर परिवर्तन को किसी न किसी उत्सव में बदल देना हमारी संस्कृति की पहचान भी है और उसका सौंदर्य भी। मकर संक्रांति उसी उत्सवधर्मिता की एक जीवंत अभिव्यक्ति है।

**ध्रुव गुप्त**

> “ सूर्य देव का महात्म्य है ही ऐसा। वह भारत ही नहीं, पूरी कायनात को समदर्शी भाव से अपना प्रकाश, अपनी ऊष्मा देते हैं। मान्यता है कि इसी दिन सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होता है।

# लोहड़ी से पोंगल तक उत्सव मनाती भारतीय संस्कृति

उषाकिरण खान



कथी लय पुजलौं सीया सांझ तुषारी/ कथी लय पुजलौं गौरा दाई हे, यानी संध्या पूजन, प्रात पूजन किसलिए कर रही हो सिया, किसलिए मां गौरी की पूजा? पौष संक्रांति से पूजन शुरू किया था संध्या गौरी का हेम-क्षेम के लिए। चौकोर गोबर लिपे आंगन में सूखे चौरठ (चावल का सूखा आटा) से लिखा जाता अल्पना, उस पर स्थापित गौरी। मिट्टी के चूल्हे पर पकता व्यंजन सूर्य के निमित्त। यह है संध्या गौरी का पूजन, जो मैंने किया। पढ़ाई-लिखाई के कारण जो मैंने नहीं किया, लेकिन हमारी पीढ़ी की लड़कियों ने किया, वह है तुषारी गौरी पूजन, जिसे इसी प्रकार अगहन की संक्रांति से पौष की संक्रांति तक किया जाता है। मान्यता है, गौरी को भी सूर्य के आगमन पर तुषारी व संध्या-पूजन करना पड़ा था।

सूर्य देव का महात्म्य है ही ऐसा। वह भारत ही नहीं, पूरी कायनात को समदर्शी भाव से अपना प्रकाश, अपनी ऊष्मा देते हैं। कहते हैं, इस दिन सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होता है। वह मकर के स्वामी अपने पुत्र शनि के पास जाते हैं, तिल और गुड़ का प्रसाद पाने। दो बातें होती हैं- सूर्य इसी दिन उत्तरायण होते हैं, और उनकी उपस्थिति बढ़ती है धरती पर। अन्य तमाम पर्व-त्योहार की तरह मकर संक्रांति भी कृषि आधारित त्योहार है। इस समय नया धान खेतों से घर आता है। दलहन के कुछ प्रकार भी आते हैं। नया गुड़ तैयार होता है और तिल खेत से खालिहान आता है। धान का चावल, फरही (लइया), चिवड़ा तैयार होता है। गुड़ के साथ तिल के व्यंजन बनते हैं। नए चावल और उड़द, कुल्थी दाल की खिचड़ी पकती है। आलू, गोभी, मटर, टमाटर जैसी अनेक प्रकार की सब्जियों का यह मौसम रहता है, सो ये खिचड़ी के मुफीद भी हैं।

इस दिन बिहार में दही-चूड़ा, तिलवा का भी खासा महत्व है। यही सौगात बेटियों के यहां (ससुराल) नैहर से भेजा जाता है, जबकि उत्तर प्रदेश में खिचड़ी का सामान सौगात में जाता है। बिहार के मिथिलांचल में नव-विवाहिताएं यदि मायके में रहें, तो पूरे माह संध्या पूजन भी करती हैं। मकर संक्रांति के दिन लौकी-साग और भात पकाकर चौदह सुहागिनों के साथ भोजन करती हैं। इस त्योहार को भतराशि कहते हैं। इस दिन लोग सुबह-सुबह स्नान कर तिल की, लकड़ी की आग सेंकते हैं।

पंजाब में संक्रांति की पूर्व संध्या पर लोहड़ी का त्योहार मनाते हैं, जिसमें खुले में अलाव जलाकर तिल, मूंगफली, खील, बताशे आदि अग्नि को समर्पित करते हैं। भांगड़ा और गिद्दा नाचते हैं। असम में यह त्योहार बीहू की तरह मनाते हैं, जिसे माघ बीहू कहते हैं। राजस्थान में चौदह सौभाग्य-सूचक वस्तुओं को सास कोटि की स्त्रियों या ब्राह्मण को दान किया जाता है। उत्तराखंड में आटे की आकृति बनाकर बच्चे कागा को खिलाते हैं, जिसे वे घुघुतिया कहते हैं। तमिलनाडु में यह सबसे विशद रूप में चार दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत सम्मत जलाने से होती है। फिर, लक्ष्मी और पशुधन की पूजा होती है। चौथे दिन स्नान करके खुले आंगन में खीर पकाते हैं, जिसे पोंगल कहते हैं। सूर्य देव को नैवेद्य चढ़ाकर लोग प्रसाद पाते हैं। जम्मू में भी खिचड़ी ही मुख्य प्रसाद है। आंध्र और तेलंगाना में विशेष और विस्तृत भोजन का प्रावधान है। बंगाल में तिल और नारियल के व्यंजन बनते हैं। बंगाल में ही गंगासागर में देश का सबसे बड़ा मेला लगता है। यहां तक की यात्रा श्रद्धालुओं के लिए कष्टकारी रही है, तभी तो कहा गया है- सारे तीरथ बार-बार, गंगासागर एक बार। इस दिन गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी दान होती है। केरल में संक्रांति को मकर विलक्कू कहा जाता है। सबरीमाला मंदिर में भक्तगण अयप्पा की पूजा करते हैं, जो सुबह तीन बजे शुरू होती है। पोन्नम्बलमेडु पहाड़ी पर ज्वाला देखकर वे पर्व मनाते हैं। आकाश में तारा मकर ज्योति दिखाई देती है, तब माना जाता है कि स्वयं भगवान अयप्पा स्वामी दिव्य प्रकाश के रूप में अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।

बहरहाल, यह पूस की दुसह ठंडी रातों के अंत की शुरुआत का त्योहार भी है। आम बोलचाल में लोग कहते हैं कि सूर्य मकर के दांत से निकले हैं। मकर यहां कोहरे का प्रतीक प्रतीत होता है। कई जगह खुशी प्रकट करने का अलग-अलग तरीका देखा गया है। बहुत स्थान पर पतंग उड़ाने की भी परंपरा है। गुजरात की पतंगबाजी तो अब व्यापक हो चली है। देखा जाए, तो अपनी संस्कृति का सम्मान है ऋतु परिवर्तन का यह देशव्यापी त्योहार।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# उत्पात से उपजी चिंताएं

रहीस सिंह



ब्रासीलिया (ब्राजील) में बाते दिनों जो हुआ वह अब लोकतंत्र की नई परंपरा सी बनती हुई दिख रही है। भले ही इसे अमेरिका के कैपिटल हिल कांड की एक प्रतिकृति या पुनरावृत्ति मानकर विषय की तीव्रता कम कर दी जाए अथवा बोल्सोनारो-ट्रंप बॉण्डिंग के आधार पर इसे डोनाल्ड ट्रंप की ओर धकेलने दिया जाए, लेकिन यह सच नहीं है। ऐसी घटनाएं देश की राजनीति में आ रही विकृति, राष्ट्रीय नेतृत्व की महत्त्वाकांक्षाएं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की कमजोरी से जन्म लेती हैं। ब्राजील के संदर्भ में ये तीनों ही कारक जिम्मेदार हैं या फिर सिर्फ कोई एक, यह कहना मुश्किल होगा। फिर भी यह सवाल तो उठता ही है कि आखिर वह वजह कौन सी थी जिसके कारण बोल्सोनारो ने स्वस्थ लोकतांत्रिक राजनीति का परिचय देते हुए लूला दा सिल्वा के शपथ ग्रहण में शामिल होना उचित नहीं समझा?

लूला दा सिल्वा के शपथ लेने से पहले ही उन्हें अमेरिका जाकर ऑरलैंडो में अस्थाई निवास बनाना क्यों पड़ गया? उनके सांसद पुत्र एडुआडरे बोल्सोनारो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक किस रणनीति के तहत कर रहे थे? क्या वे 'ट्रंपियन मॉडल ऑफ डेमोक्रेसी' जिसकी झलक जनवरी 2020 में पूरी दुनिया प्रतीकात्मक रूप में ही सही पर अमेरिकी शक्ति की विछिन्नता के रूप में देख चुकी है। यदि ऐसा है तो वे जिस बोल्सोनारोवाद की कल्पना भी कर रहे थे वह परिणामविहीन ही रहना था क्योंकि कैपिटल हिल घटना के परिणाम ट्रंप के अनुरूप नहीं आए थे। फिर ब्रासीलिया में कोई नई उम्मीद कैसे की जा सकती थी?

दरअसल, राजनीति में कोई शॉर्टकट होता नहीं है। भले ही ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया के सामने आ गए हों। राजनीति में शार्टकट मेरी दृष्टि में सिर्फ एक मनोदशा (स्टेट आफ माइंड) भर है जो कभी संक्षिप्त अवधि के लिए सफल हो भी सकती है, लेकिन दीर्घकाल में तो इसे असफल होना ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह कोई राजनीति की मूल्य आधारित समृद्ध परंपरा नहीं है। हां संक्रमण काल में यह सफल भी हो जाती है, लेकिन सामान्य स्थितियों में नहीं। फिर भी अमेरिका जैसे समृद्ध लोकतांत्रिक देश की ग्रांड ओल्ड पार्टी के राष्ट्रपति ने अपनी हार के बाद ऐसा किया। इसे ही बोल्सोनारो ने ब्राजील में दोहराने की कोशिश की। इसमें कोई संदेह नहीं कि अक्टूबर 2022 में ब्राजील में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में बोल्सोनारो की हार हुई और लूला दा सिल्वा की बहुत ही सूक्ष्म अंतर से विजय, लेकिन सत्य तो यह है कि चुनाव में विजय और पराजय के बीच अंतर चाहे जितना भी कम हो, लेकिन हार हार होती है और जीत जीत। इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए जाते हैं, लेकिन सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्ण ढंग से संविधान की भावनाओं के अनुरूप हो जाता है, मगर यह बात बोलसोनारो को समझ में नहीं आई। यही वजह है कि पहले उन्होंने पद छोड़ने में काफी समय लगाया और जब छोड़ा भी तो उनके समर्थकों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले की साजिश रच ली। उनके समर्थकों में ऐसी हलचल भी काफी समय तक रही। उनके समर्थकों ने तो सेना से दखल की मांग भी शुरू कर दी थी, लेकिन ब्राजील की सर्वोच्च अदालत ने राजधानी ब्रासीलिया की सुरक्षा बढ़ाई और एहतियातन गन लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा।

ऐसा शपथ ग्रहण के दौरान हिंसा और उपद्रव जैसी स्थितियों को रोकने के लिहाज से किया गया था। फिर भी ऐसा हुआ। आखिर क्यों? प्रथमदृष्टया तो यह लूला दा सिल्वा की ब्रासीलिया में हैरतअंगेज वापसी और बोलसोनारो की उम्मीदों के विपरीत पराजय इसका तात्कालिक कारण हो सकती है, लेकिन इसके अन्य आयामों को जानने के लिए तो ब्राजील के अंदर झांकना होगा। सिल्वा इससे पहले भी दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। उनकी विचारधारा वामपंथी है किंतु उनकी यह विजय सही अथरे में वामपंथ की विजय नहीं है बल्कि उस विश्वास की विजय है जो आज की अनिश्चित और जोखिम भरी दुनिया में आम आदमी को जीवन जीने की गारंटी देने का ढांढस बंधाती है। हम सीमित अथरे में यह भी कह सकते हैं कि ग्लोबलाइजेशन के उद्देश्यों से दुनिया का धीरे-धीरे भटकना और ग्लोबलाइजेशन की नियति लिखने का दावा करने वाली पश्चिमी लीडरशिप का संकीर्णता से भर जाना, जिसके कारण दुनिया में भ्रम, भय और अनिश्चितता के दौर से गुजरने लगी।

दुनिया में रहने वाले अधिकतर लोग अपने-अपने देश की तरक्की चाहते हैं, लेकिन इस तरक्की में वे अपनी हिस्सेदारी भी चाहते हैं। वे भी चाहते हैं देश की उन्नति का थोड़ा सा हिस्सा उनकी जेब में भी जाए और उनका भविष्य भी सुरक्षित दिखे। ब्राजीलियन मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि कुछ वर्षों में ब्राजील इस तरह के विकास से भटक गया। बोल्सोनारो ने ब्राजील को जिस ट्रैक पर चलाना चाहा उसमें लोगों का भला संभव नहीं हो सका। वे भूल गए कि यह वही ब्राजील है जिसमें वर्ष 2013 में किराया वृद्धि के खिलाफ साओ पाउलो, ब्रासीलिया और रियो डि जेनेरियो में जो आंदोलन हुए थे, उन्होंने तत्कालीन सत्ता की चूलें हिला दी थीं। उन्होंने शायद इस बात पर भी गौर नहीं किया होगा कि जब दुनिया वैकरण के दरवाजे पर खड़ी थी और प्रवेश करने की तैयारी कर रही थी उस समय लातिन अमेरिकी देशों में पूंजीवादी वर्चस्व के खिलाफ तीव्र प्रतिक्रिया हुई थी। इस समय वहां की स्थिति यह है कि राजनीतिक आधार पर पैदा हुए विभाजन और अंतर विभाजन लोगों की अपनी मौलिक पहचान खत्म कर रहे हैं। इसे ही देखते हुए संभवत: सिल्वा ने आह्वान किया था कि मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी एक साथ मिलकर देश के समृद्ध अतीत की पुन: प्रतिष्ठा करें। संभवत: ब्राजील के नागरिकों पर इसका असर पड़ा और सिल्वा की जीत हुई।

बहरहाल, ब्राजील इस समय सही अथरे में लोकतांत्रिक मूल्यों और सत्ता की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच टकराव से गुजर रहा है। अच्छी बात है कि ब्राजील दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया के सर्वाधिक पोटेंशियल वाले मंच ब्रिक्स का सदस्य है जो ब्राजील को आगे ले जाने में मदद करता रहेगा, लेकिन 21वीं सदी जहां औद्योगीकरण की फोर्थ जनरेशन नई पटकथा लिखने के लिए तैयार हो और जहां वि व्यवस्था संक्रमण से बाहर आने की कोशिश हो अथवा नई बुनियाद रखने की कशमकश से गुजर रही हो, वहां ऐसी घटनाएं किसी भी देश को पीछे ले जाकर खड़ कर देती हैं। ब्राजील के नेताओं को इस पर विचार करना चाहिए।

# बिहार में भाजपा सबसे ज्यादा बेचैन !



भारतीय जनता पार्टी वैसे तो 2024 के लोकसभा चुनाव में कई राज्यों में अपनी संभावना को लेकर चिंता में है लेकिन सबसे ज्यादा बेचैनी बिहार को लेकर है। बिहार में भाजपा को लग रहा है कि अगर राजद, जदयू और कांग्रेस का तालमेल बना रहा तो विधानसभा की तरह लोकसभा में भी उसके लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। इसलिए किसी तरह से राजद और जदयू का तालमेल तुड़वाने का प्रयास चल रहा है। मंत्री पद से हटाए गए राजद के नेता सुधाकर सिंह लगातार नीतीश कुमार के खिलाफ बयान दे रहे हैं और भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के कहने पर वे नीतीश को अपमानित कर रहे हैं।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा के साथ जुड़ सकते हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी किए बिना एनडीए में वापस लौटेंगे क्योंकि उनको पता है कि भाजपा इस बार उनको मुख्यमंत्री पद नहीं देगी। तभी यह प्रचार किया जा रहा है कि नीतीश कुमार केंद्र सरकार में मंत्री बनेंगे और बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। भाजपा सूत्रों के हवाले से जो प्रचार कर रही है उसमें सबसे बड़ी बात यह कही जा रही है कि नीतीश कुमार भाजपा पर दबाव डाल रहे हैं कि वह सुशील कुमार मोदी को मुख्यमंत्री बनाए।

ध्यान रहे सुशील मोदी के साथ नीतीश के बहुत सहज और करीबी संबंध रहे हैं और इस वजह से सुशील मोदी भाजपा के मौजूद आलाकमान की आंखों में खटकते रहे हैं। उनको 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद इसी वजह से उप मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया और सांसद बन कर वे दिल्ली आए तो केंद्र में मंत्री भी नहीं बनाया गया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और बिहार के मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय रहे। कहा जा रहा है कि वे इस बात का आधार तैयार कर रहे हैं कि नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी हो और साथ ही जाति जनगणना के नतीजों का भी फायदा एनडीए को मिले।

इसके लिए सुशील मोदी लगातार दावा कर रहे हैं कि जातीय जनगणना का फैसला महागठबंधन सरकार का नहीं है, बल्कि एनडीए की सरकार ने किया था। पहले भाजपा के कुछ नेताओं ने जाति जनगणना का विरोध किया लेकिन अब सब चुप हो गए हैं। अब सिर्फ सुशील मोदी बयान दे रहे हैं और ट्विट कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा ताकि अगर फिर जदयू और भाजपा साथ आएं तो जाति जनगणना का श्रेय एनडीए को मिले और अगले चुनाव में उसका फायदा भी हो। हालांकि भाजपा नेताओं की ओर से किए जा रहे इस दावे का कोई आधार दिख नहीं रहा है। यह भी सही है कि नीतीश ने इस बार जिस दावे के साथ कहा है कि वे फिर भाजपा के साथ नहीं जाएंगे उसे देखते हुए उनकी वापसी मुश्किल है। ऊपर से जाति जनगणना के सहारे वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का संकल्प किए हुए हैं। तभी जदयू के जानकार सूत्रों का कहना है कि अगर वापसी होगी भी तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने के बाद। एक दिलचस्प बात यह भी है कि बिहार भाजपा का ही एक गुट नीतीश की एनडीए में वापसी और सुशील मोदी के मुख्यमंत्री बनने के दावे का खंडन कर रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






# समूह की महिलाओं ने कहा सालों साल चले शासन की ये जनहित योजनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लाफा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने एक के बाद अपने आर्थिक स्वावलंबन की दास्तां सुनाकर मुख्यमंत्री सहित पूरे जनसमूह को स्तब्ध कर दिया।**



छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना के तहत गांवों में निर्मित गौठान और गौठानों में संचालित आयमूलक गतिविधियों से जुड़कर ये महिलाएं अपने सामाजिक और आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने में सफल हुई हैं। गोधन न्याय योजना ने इनकी आमदनी को बढ़ाने में मददगार साबित हुई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को महिला स्व-सहायता समूह की श्रीमती सावित्री बाई ने बताया कि उनके समूह में 10 महिलाएं हैं। उनके समूह ने अब तक गौठान में लगभग 3100 क्विंटल गोबर बिक्री कर सवा 6 लाख रूपए की आय अर्जित की है। समूह के प्रत्येक सदस्य को इससे 60-60 हजार रूपए से ज्यादा की कमाई हुई है। उन्होंने गोबर से हुई आय से रोटावेटर और ट्रैक्टर ट्रॉली लिया है ताकि घर की आमदनी को और बढ़ाया जा सके। श्रीमती रानी उईके ने बताया कि उनके समूह ने भी गोबर बेचकर 1 लाख 74 हजार रुपये की आय अर्जित की है। इसे उन्होंने अपने नए घर में शीट, खिड़की और दरवाजा लगवाया है। इसी गौठान के दूसरे महामाया स्व-सहायता समूह की श्रीमती चंद्रवती ने बताया कि उसके समूह द्वारा साढ़े 3 एकड़ ज़मीन पर 2 एकड़ में ड्रिप से और डेढ़ एकड़ सामन्य सिंचाई द्वारा मिर्च, टमाटर, करेले इत्यादि की पैदावार कर 1 लाख 28 हजार की कमाई की है। गांव की महिलाओं को शासन की योजनाओं के चलते गांव में ही काम मिल रहा है। महिलाएं घर भी संभाल रहीं हैं और अपने परिवार को आर्थिक सहयोग भी दे रहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों को देखकर कहा नारी सही मायने में सर्वगुण संपन्न होती हैं। छत्तीसगढ़ शासन ने 4 सालों में एक लाख 50 हजार करोड़ रुपये सीधे किसानों, मजदूरों, वनवासियों और महिलाओं के खाते में पहुंचाये हैं, जिससे निश्चित रूप से सभी के जीवन में बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की पहल सभी का समावेशी विकास करना है। हमारी सरकार भी उसी दिशा में लगातार काम कर रही है। अब गोबर से पेंट भी बनाया जा रहा है। इससे हमारे शासकीय स्कूलों की पोताई करायी जायेगी। रिपा से कई नवाचार किए जाएंगें जिससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोज़गार मिलेगा। ये शासन सभी के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहेगी और छत्तीसगढ़ के संस्कृति से लेकर विकास में अहम भूमिका अदा करेगी।

# वाणिज्यिक कर मंत्री सिंहदेव ने जीएसटी संग्रहण के लंबित मामलों पर त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** वाणिज्यिक कर मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज सिविल लाइन स्थित वाणिज्यिक कर कार्यालय में विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश में जीएसटी संग्रहण के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष जताया और कहा कि इस साल भी हम कर संग्रहण का लक्ष्य पूर्ण करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर संग्रहण से राज्य का विकास जुड़ा हुआ है। अत: लक्ष्य के अनुरूप जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इसका संग्रहण करें।

वाणिज्यिक कर मंत्री श्री सिंहदेव ने बैठक में जीएसटी संग्रहण के लंबित मामलों पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जीएसटी जमा नहीं करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। श्री सिंहदेव ने बैठक में रिटर्न फाइलिंग, लंबित करों की वसूली, सेक्टरवाइज राजस्व वसूली, जीएसटी अधिनियम के तहत कर निर्धारण और विलंब के प्रकरणों में ब्याज वसूली की कार्यवाही तथा ऑडिट की प्रगति की भी समीक्षा की। वाणिज्यिक कर विभाग के विशेष सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, आयुक्त श्री भीम सिंह और विशेष आयुक्त श्री टी.एल. ध्रुव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

वाणिज्यिक कर विभाग के आयुक्त श्री भीम सिंह ने बैठक में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में 18 हजार 500 करोड़ रूपए कर संग्रहण का संशोधित लक्ष्य रखा गया है। चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर-2022 तक 12 हजार 580 करोड़ रूपए का कर संग्रहण किया जा चुका है जो कि कुल लक्ष्य का 68 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष राज्य को इसी अवधि में मिले राजस्व से करीब 25 प्रतिशत ज्यादा है। इस वर्ष 26 प्रतिशत अधिक जीएसटी और 22 प्रतिशत अधिक वेट (ङ्कञ्ज) मिला है। इस साल अब तक 8241 करोड़ रूपए जीएसटी के रूप में और 4339 करोड़ रूपए वेट के रूप में प्राप्त हुए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 15 हजार करोड़ रूपए के कर संग्रहण के लक्ष्य के विरूद्ध अप्रैल-2021 से दिसम्बर-2021 के बीच दस हजार 092 करोड़ रूपए का कर संग्रह हुआ था। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस साल पिछले वर्ष की तुलना में डीजल की खपत में दो लाख 30 हजार किलोलीटर और पेट्रोल की खपत में 53 हजार किलोलीटर की बढ़ोतरी हुई है। तदनुरूप इनसे मिलने वाले टैक्स में भी 791 करोड़ 14 लाख रूपए की वृद्धि हुई है।

## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने किसान होरिलाल राज के घर लिया स्वादिष्ट और छत्तीसगढ़िया भोजन का स्वाद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेट मुलाकात अभियान के तहत आज कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र पाली तानाखर अंतर्गत ग्राम लाफा पहुंचे । उन्होंने ग्राम लाफा के बहेराभाठा मोहल्ला निवासी किसान होरिलाल राज के घर पहुंचे और उनके घर मे बड़ी ही सादगी के साथ स्वादिष्ट और छत्तीसगढ़िया भोजन का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री को चैतुरगढ़ क्षेत्र की चिरपोटी टमाटर की चटनी का स्वाद बहुत ही भाया। भोजन के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का किसान होरीलाल राज सहित उनके परिवारजनो ने अपने घर के मुख्य द्वार पर चंदन, आरती कर और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के होरीलाल के घर आकर भोजन करने पर होरीलाल और उनके परिवारजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। मुख्यमंत्री का अपने घर पर स्वयं आने और भोजन करने पर परिवारजन खुशी से गदगद दिखे। भोजन में मुख्यमंत्री ने होरिलाल कंवर के घर पर चावल, दाल, रोटी सहित क्षेत्र के लोकप्रिय चिरपोटी टमाटर की चटनी के स्वाद का भी आनंद लिया। इसके साथ ही उनके भोजन मे लाल भाज़ी, सरसो भाजी, सेमी कुल्थी दाल, उड़द दाल का बना खट्टा सल्गा बड़ा, मसाला जिमी कांदा, देशी बड़ा, खीर, पापड़ और सलाद आदि शामिल थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल के साथ ही घर के मुखिया होरीलाल राज, स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल,कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पाली तानाखार विधायक मोहित केरकेट्टा , कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग सदस्य प्रशांत मिश्रा ने भी भोजन किया। मुख्यमंत्री ने स्वादिष्ट और छतीसगढिया भोजन के लिए राज एवं उनके परिवार को धन्यवाद दिया साथ ही उपहार भी भेट किये। किसान होरीलाल ने कहा की उन्होंने कभी सोचा नहीं था।

### क्षेत्र के विकास के लिए की अनेक घोषणाएं, पसान में स्थापित होगी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा

# हमारी योजनाओं से आमजनों की जिंदगी में परिवर्तन आए, उनकी आमदनी बढ़े, इसी का प्रयास है: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कोरबा जिले के पाली तानाखार विधानसभा के ग्राम पिपरिया में आयोजित भेंट-मुलाकात में क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने पसान में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रारंभ करने, मोरगा में 36 के.वी. विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, कोरबी एवं घुचापुर में हाथी प्रभावित क्षेत्रों हेतु रेस्क्यु सेंटर की स्थापना, कापूबहरा और तुलबुल (कर्री) में पुल निर्माण, ग्राम पिपरिया में मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के संचालन की घोषणा की।**



इसी के साथ उन्होंने पिपरिया में देवगुड़ी समेत कुल 25 देवगुड़ियों के निर्माण, पिपरिया के प्रमुख हाट-बाजार में शेड निर्माण, ग्राम पंचायत अरसिया में पेयजल की व्यवस्था, नगर पंचायत पाली में मंगल भवन का निर्माण, ग्राम पिपरिया में नवीन बालक छात्रावास खोलने और अमझर से जरौंधा सीमा तक सड़क निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि योजनाओं से आमज़नों की ज़िंदगी में परिवर्तन आए, उनकी आमदनी बढ़े, इसका प्रयास राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने 2500 रूपए क्विंटल पर धान खरीदी के संबंध में बताया कि केंद्र सरकार ने कहा था कि धान के समर्थन मूल्य से एक रुपए भी धान के लिए ज्यादा दोगे तो हम धान नहीं खरीदेंगे। राज्य सरकार ने किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की, जिसमें पहले साल 10 हजार रूपए प्रति एकड़ और इस साल 9 हजार रूपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी मिलाकर किसानों को 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानकारी ग्रामीणों से ली। इस बीच एक किसान ने बताया कि पहली बार धान का टोकन कटाए हैं और पहली बार धान बेचेंगे, किसान ने कहा कि सरकार की योजना के कारण आसानी से धान बेच पा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्राम पटेल को पीएचडी की पढ़ाई करने के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भेंट-मुलाकात का उद्देश्य यह जानना है कि लोगों को शासन की योजनाओं का फायदा मिल रहा है कि नहीं। जहां कोई कमी रह जाती है, तो उसमें सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही दो घंटे में किसानों का कर्जा माफ किया।

भेंट-मुलाकात में चंद्रकला पोर्ते ने मुख्यमंत्री से कहा कि राशन कार्ड में चावल, शक्कर, नमक रेगुलर मिलता है। गैस सिलेंडर और मिट्टी तेल बहुत महंगा है। निर्मला कुजूर ने मुख्यमंत्री को बताया कि राशन कार्ड बना है, चावल, शक्कर, नमक नियमित रूप से मिलता है। गैस सिलेंडर महंगा होने की वजह से लकड़ी में खाना बनाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस सिलेंडर योजना बांबे की मिठाई हो गई है, जो लिया वो भी पछता रहा है, जो नहीं लिया वो भी पछता रहा है, गैस सिलेंडर बहुत महंगा है। भेंट-मुलाकात के दौरान एथलेटिक्स के युवा खिलाड़ी ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखी, उसने बताया कि प्रशिक्षण में दिक्कत आ रही है, जिसे सुनकर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने उन्हें हॉस्टल में प्रवेश देने की घोषणा की। अनीता राज ने बताया कि मैं महिला समूह की सदस्य हूं। समूह में 12 सदस्य हैं, मैं पढ़ती भी हूं...प्राइवेट बीएड कर रही हूं। तीन साल में 2 लाख 70 हजार का खाद बेची हैं, यहां कॉलेज नहीं है मैं तो दूर जाकर पढ़ी हूं लेकिन आप यहां कालेज खुलवा दीजिए। अनीता की पढ़ाई पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री ने 50 हजार रूपए की सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने छत्राम पटेल को पीएचडी की पढ़ाई करने के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा की है। संगीता साहू ने बताया कि तेंदू पत्ता तोड़ने का काम कर रहे हैं।

### तेजकुंवर ने 40 हजार रूपए का बेचा गोबर

भेंट-मुलाकात में तेजकुंवर ने बताया कि 40 हजार का गोबर बेची हूं। पहले तो गोबर फेंक देती थी, अब गौठान में देती हूं। इसी से घर चला रही हूं, बच्चे की शादी में भी इस पैसे का इस्तेमाल किया। एक लाख रूपए खाद बनाकर कमाया है। हरनाम सिंह मरकाम ने बताया उन्हें एक एकड़ जमीन का पट्टा मिला है। इसी जमीन में खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। उन्होंने वनाधिकार पट्टा योजना को अच्छी योजना बताया। मुख्यमंत्री से बात करते हुए जगतपाल सिंह ने बताया कि 1.5 एकड़ जमीन का पट्टा मिला है। उन्होंने बताया कि अब जमीन में खेती करते हैं, योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। प्रेम सिंह ने बताया कि उनका वनाधिकार पट्टा बना है। धान भी बेचा है, उसने बताया कि गांव के कुछ लोगों को पट्टा नही मिला है, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रक्रिया के तहत मिल जायेगा।

### अनिता अर्मो को कोदो खरीदी से 1.82 लाख रूपए की आमदनी

भेंट-मुलाकात में लघु वनोपज ख़रीदी करने वाले समूह की सदस्य अनिता अर्मो ने बताया कि हम कोदो, रागी, ईमली खरीद रहे हैं। कोदो 30, रागी 31 रुपए किलो में खरीदते हैं। कोदो खरीदी से एक लाख 82 हज़ार रुपए की आमदनी हुई है। किसान महेश कुमार ने बताया कि पहली बार धान बेचा है, और तीन किश्त मिल चुकी है। उन्होंने 1.5 एकड़ खेत खरीदा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्र सूर्यांश गुप्ता, पसान ने बताया कि उनका स्कूल 9वीं तक का है। उसने अंग्रेजी में बात करते हुए अपने स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं पर बात रखी।

# पालकी यात्रा में उमड़ा साई भक्तों का रेला, शंखनाद से गूंजा शहर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** श्री साईं बाबा सेवा समिति, गांधी चौक कोरबा के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धूमधाम से पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। कोरोना संक्रमण काल के दौरान पिछले वर्ष पालकी यात्रा का आयोजन नहीं किया जा सका था जो इस वर्ष हालात सामान्य होने के कारण साईं भक्तों में उत्साह नजर आया। श्री साईं बाबा सेवा समिति के 13वें स्थापना दिवस पर पालकी यात्रा श्वेता नर्सिंग होम के सामने स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर में देवों की आराधना व पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। बाबा को पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से पालकी में विराजित किया गया। साईं बाबा की जीवंत झांकी के साथ यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर आगे बढ़ी। 21 पंडितों के द्वारा शंखनाद पूरे रास्ते भर यात्रा के दौरान किया जाता रहा जिसकी ध्वनि से शहर गुंजायमान होता रहा व भक्ति की लहर में नगरजन सराबोर हुए। डीजे-धुमाल की धुन पर साईं भक्त बच्चे, युवा, महिला-पुरुष झूमते-नाचते और साईं बाबा का ध्वज उठाकर चलते रहे। जगह-जगह लोगों ने साईं बाबा और पालकी की पूजा-अर्चना कर उनकी आरती उतारी।

पालकी यात्रा में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह स्वल्पाहार भी वितरण किया जाता रहा। विभिन्न संगठनों के द्वारा एसएस प्लाजा, ऑटो स्टैंड, पुराना बस स्टैंड में आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। साईं बाबा का दर्शन व पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु पूरी यात्रा के दौरान उमड़ते रहे।

### किसान उत्पादक संगठनों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**कांकेर ।** कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर द्वारा किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ के लिए संगठन के विशेष कार्यप्रणाली, क्रियान्वयन, लेखा-जोखा, खरीदी बिक्री, आर्थिक अंकेक्षण इत्यादि विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कोरिया एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. फयाज आलम द्वारा उपरोक्त विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. कोमल सिंह केराम द्वारा किसान उत्पादक संगठन निर्माण के लाभ एवं आगामी अवसर की जानकारी दी गई। वैज्ञानिक डॉ.नरेन्द्र हरिदास तायड़े ने किसान उत्पादक संगठनों को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता की विस्तृत जानकारी दी।









## खास खबर...

### सेना हेतु दुर्ग भर्ती रैली में चयनित आवेदकों की लिखित परीक्षा 15 जनवरी को होगी

**रायपुर।** भारतीय थल सेना द्वारा जिला दुर्ग में भर्ती रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें चयनित आवेदको की लिखित परीक्षा 15 जनवरी को आर्मी रिक्रुटमेंट ऑफिस, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास, परसदा, नवा रायपुर में निर्धारित है। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदकों के लिए 14 एवं 15 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा, विकासखण्ड आरंग, जिला रायपुर को विश्राम हेतु आरक्षित किया गया है। साथ ही रियायती दर पर भोजन की भी व्यवस्था की गयी है। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदक अपने साथ थल सेना द्वारा जारी प्रवेश-पत्र, बॉल प्वांइट पेन, पेंसिल एवं पहचान हेतु आधार कार्ड आदि अवश्य लावें। आवेदकों को लिखित परीक्षा हेतु 15 जनवरी को किसी भी स्थिति में परीक्षा स्थल पर प्रात: 04.00 बजे तक पहुंचना है। आवेदकों को आपात स्थिति में परीक्षा केंद्र तक पहूचाने हेतु 14 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय रायपुर (पुराना पुलिस मुख्यालय, राज भवन के पास) द्वारा सांय 6 बजे से रात्रि 12 बजे नि:शुल्क वाहन की व्यवस्था की गयी है।

### दो सिंचाई योजनाओं के लिए 1.71 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की दो विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 1 करोड़ 71 लाख 66 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड-कसडोल की छुईया व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार तथा लाईनिंग कार्य के लिए 97 लाख 53 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रायपुर जिले के विकासखण्ड-धरसींवा की रायपुर सिंचाई विभाग के ट्रेनिंग सेंटर भवन के प्रथम तल में बैठक हाल एवं कमरों का नवीनीकरण एवं द्वितीय तल में डेमोस्ट्रेशन लैब हेतु नये कमरों का निर्माण एवं शेड कार्य के लिए 74 लाख 13 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### खमतराई एवं चटौद में सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ 55 लाख रुपए स्वीकृत

**रायपुर।** ग्रामीणों की मांग पर नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया जी की अनुशंसा से ग्राम खमतराई एवं चटौद में सड़क निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 3 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम खमतराई में विष्णु के घर से मुख्य सड़क तक पहुंच मार्ग लंबाई 1 किलोमीटर हेतु 01 करोड़ 07 लाख रुपये, तथा ग्राम चटौद में 1.65 किमी सड़क निर्माण हेतु 02 करोड़ 48 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। उक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिलाए जाने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिसमें प्रमुख रूप से खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, हेमलता डुमेंद्र साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, कोमल सिंह साहू, मोहन साहू गौरव चंद्राकार जोन अध्यक्ष गुल्लू, लक्ष्मी हीरादास जांगड़े जनपद सदस्य आरंग, पोषण साहू सरपंच खमतराई, हेमचंद चंद्रकार सरपंच चटौद, हेमंत बघेल उप सरपंच, तिलक राम वर्मा, गुलाब यादव आदि हैं।

# छत्तीसगढ़ वन एवं वन्यप्राणियों के मामले में अत्यंत सपन्न- मंत्री अकबर

### वन मंत्री अकबर ने भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया सम्बोधित

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने नवा रायपुर अटल नगर स्थित अरण्य भवन में आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में भारतीय वन सेवा 2021-23 बैच के 33 प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान संबोधित किया। वन मंत्री अकबर द्वारा इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में कराये जा रहे भू-जल संरक्षण कार्य, तेंदूपत्ता संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन तथा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कराये गये कार्यों के संबंध में प्रशिक्षु अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया गया।

वन मंत्री अकबर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य वन एवं वन्यप्राणियों के मामले में अत्यंत सपन्न है। राज्य में कुल भौगोलिक क्षेत्र 135192 वर्ग कि.मी. का 44 प्रतिशत से अधिक भू-भाग वनाच्छादित है। यहां लगभग 300 हाथी विचरण कर रहे हैं, जिनके साथ साहचर्य से रहना, तद्नुरूप परिस्थिति उत्पन्न करना वन विभाग की प्रमुख जिम्मेदारियों में से एक है। इस मौके पर मंत्री के समक्ष प्रवास पर आए प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा भी उनके भारत भ्रमण से प्राप्त अनुभव को साझा किया गया। वन मंत्री द्वारा आगे बताया गया कि हाथियों को उचित रहवास स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1995 वर्ग कि.मी. क्षेत्र को लैमरू हाथी रिजर्व नाम से अधिसूचित किया गया है।

वन मंत्री अकबर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में चल रही नवाचारी योजनायें- नरवा विकास योजना, मुख्य मंत्री वृक्ष संपदा योजना, पौधा तुंहर द्वार, कृष्ण कुंज योजना, वन्यप्राणी प्रबंधन योजना के संबंध में भी अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि वनांचलों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति और अन्य वनवासियों तथा कमजोर वर्ग के लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिये वन विभाग द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, जिनका प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभ हितग्राहियों को प्राप्त हो रहा है। विशेषकर लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन के बेहतर प्रबंधन से वनवासियों की आजीविका में वृद्धि हुई है।

छत्तीसगढ़ राज्य में मिलेट्स को मुख्य आहार के रूप में अपनाने हेतु जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कोदो, सांवा, चेना एवं कुटकी प्रचुर मात्रा में पायी जाती है, परन्तु इनकी फसलों के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों द्वारा इसका उपयोग नहीं किया जाता था। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा मिलेट्स के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप इसको मुख्य आहार के रूप में बढ़ाये जाने में मदद मिल रही है।

इस अवसर पर वन मंत्री अकबर का स्वागत प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भरत ज्योति निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून एवं प्रशिक्षु अधिकारियों निखिल अग्रवाल तथा प्रदेश के वरिष्ठ वन अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश में धान खरीदी का आकड़ा 97 लाख मीट्रिक टन से पार



### 22 लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान

### धान के एवज में किसानों को 19,875 करोड़ रूपए का भुगतान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 1 नवम्बर 2022 से शुरू हुई धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2023 तक चलेगा। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आकड़ा 97 लाख मीट्रिक टन से पार हो गया है। राज्य के 22 लाख से अधिक किसानों धान के एवज में 19,875 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 97 लाख मीट्रिक टन धान में से 82 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 71 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 13 जनवरी को 34 हजार 480 किसानों से 1.43 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 09 हजार टन धान की भी खरीदी हुई है। गौरतलब है कि इस साल राज्य में 25.96 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.30 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2617 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। इसी तरह राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

### चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव व्हाइट कोट सेरेमनी में हुए शामिल

# एमबीबीएस प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों ने ली चिकित्सा आचार संहिता की शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव रायपुर में पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में व्हाइट कोट सेरेमनी में शामिल हुए। समारोह में चिकित्सा महाविद्यालय में एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने चिकित्सा आचार संहिता की शपथ ली। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक चंद्राकर, चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त, चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एस.बी.एस. नेताम भी व्हाइट कोट सेरेमनी में शामिल हुए। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त ने विद्यार्थियों को चरक आचार संहिता की शपथ दिलाई। उनके द्वारा कहे गये शब्दों को 180 नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अपना दाहिना हाथ उठाकर दोहराया।



समारोह में विद्यार्थियों ने 'हम तुम्हारे साथ हैं...' और 'वी आर द डॉक्टर, वी आर ऑलवेज देयर फॉर यू...' की संगीतमय प्रस्तुति दी।

व्हाइट कोट सेरेमनी को संबोधित करते हुए चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि आज यहां मौजूद 180 नए विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत के बाद अपनी व्यक्तिगत काबिलियत के आधार पर चिकित्सा छात्र बनने का यह मुकाम हासिल किया है। आपने आज जो शपथ ली है, वह आपके आने वाले समय में सेवाकाल के दौरान मार्गदर्शी सिद्धांत के रूप में काम आएंगे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के रूप में अक्सर भगवान का स्वरूप देखा जाता है। यह सही भी है क्योंकि अनेक कठिन अवसरों में अगर कोई जीवन दे पाता है तो वे डॉक्टर्स ही हैं। यह इतनी बड़ी जवाबदेही है जहां पूरा समाज, पूरी मानवता आपकी ओर उसी नजरिए से, उसी उम्मीद से निहारेगी। आज बहुत बड़ी जिम्मेदारी ग्रहण करने के लिए आप लोग यहां एकत्रित हुए हैं।

श्री सिंहदेव ने कहा कि भविष्य में चिकित्सक बनकर जहां एक ओर आपको गहरा संतोष होगा, वहीं मानवता की बहुत बड़ी सेवा करने का अवसर भी मिलेगा। डॉक्टरों का काम समाज में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ पूरे समाज की सेवा करेंगे। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि रायपुर मेडिकल कॉलेज के 60वें वर्ष में हम लोग एक नए स्वरूप में शामिल हुए हैं। यह क्षण जीवनभर आपके लिये प्रेरणादायी हो। आप सभी को मानवता की सेवा के क्षेत्र में कदम रखने के लिए हृदय से शुभकामनाएं देता हूं और आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक चंद्राकर ने नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के बारे में बताते हुए नए विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि व्हाइट कोट डॉक्टरों की एक पहचान है।

## राज्य बाल संरक्षण आयोग ने की बच्चों के साथ लैंगिक अपराध मामलों में पहचान उजागर नहीं करने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अपील की है कि समाज और परिवार के लिए बेहद जरूरी है वे बच्चों को शक, संशय और संवादहीनता से बचाएं। उन्होंने यह भी कहा है कि मीडिया को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चों के साथ लैंगिक अपराध के प्रकरणों में उनकी पहचान उजागर करना पाक्सो एक्ट की धारा 23 के तहत दंडनीय अपराध है। इसका उल्लंघन होने पर 6 माह से 1 वर्ष तक की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकता है।

### बच्चों की पहचान उजागर नहीं करने की अपील

राज्य बाल संरक्षण आयोग ने अपील की है कि बच्चों के साथ लैंगिक अपराध होने की दशा में किसी भी प्रकार से पहचान प्रकट नहीं की जा सकती है। समाचार पत्रों, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं वेब पोर्टल्स के द्वारा संस्थाओं का नाम, फोटो आदि प्रकाशित किये जाने की घटनाएं घट रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा ऐसी घटनाओं को रोकने और बच्चों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### राज्य बाल संरक्षण आयोग ने की जिम्मेदारी के साथ रिपोर्टिंग की अपील

राज्य बाल संरक्षण आयोग के अनुसार, बच्चों के संरक्षण के लिए मीडिया के साथियों को बाल अधिकारों से जुड़े कानूनों को जानना आवश्यक है। पत्रकारों को आयोग से पहले पता होता है कि अपराध कहां घटित हुआ है। मीडिया को बाल अधिकारों के उल्लंघन और शोषण के मामलों की रिपोर्टिंग संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से करनी चाहिए। उन्होंने अपील की है कि बच्चों से जुड़े हर मामले की सूचना आयोग को दी जाए।

### कानूनों से आम लोगों को भी जागरुक होने की जरूरत

राज्य बाल संरक्षण आयोग ने अपील की है कि बच्चों से जुड़े अपराधों पर नीति निर्माताओं, न्यायपालिका, पुलिस और मीडिया को संवेदनशील होने और उन्हें गंभीरता से लेने की सख्त जरूरत है, ताकि किसी पीड़ित बच्चे और विशेषकर यौन अपराधों से पीड़ित बच्चों की गरिमा को ठेस पहुंचे बगैर उन्हें न्याय मिल सके। कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आम लोगों को भी जागरुक होने की जरूरत है। बच्चों के साथ अपराध की स्थिति में समाज के हर वर्ग की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह उसके खिलाफ आवाज उठाएं।

# नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने आरंग में विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के ग्राम बिरबिरा में अनेक विकास कार्यों की सौगात दी। इन विकास कार्यों में मिडिल स्कूल शेड निर्माण लागत 5 लाख रुपए, गायत्री मंदिर शेड निर्माण लागत 5 लाख रुपए और बंधिया तालाब शेड निर्माण लागत 4 लाख 80 हजार रुपए का लोकार्पण किया। उन्होंने बिरबिरा के आंगनबाड़ी से बंधिया तालाब तक सी.सी. रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, गोवर्धन पहाड़ में चबूतरा निर्माण हेतु एक लाख रुपए और वार्ड 11 में सी सी रोड निर्माण कार्य हेतु दो लाख रुपए की घोषणा की। गांव में आयोजित मड़ई-मेला का लुत्फ लेते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्री डॉ. डहरिया ने घूम-घूम कर खरीदी की और सब्जी एवं मिठाई बेचने वाले व्यवसायियों का उत्साहवर्धन किया।



नगरीय प्रशासन मंत्री ने बिरबिरा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आरंग क्षेत्र के प्राय: सभी गांवों में जन सुविधा के सभी जरूरी विकास कार्य कराये गये है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों के लिए सर्वसुविधा युक्त भवन की जरूरत होती है। इसलिए सभी समाजों के लोगों को वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सामाजिक भवनों का निर्माण कराया गया है। विद्यार्थी सुविधाजनक शिक्षा ग्रहण करें इसके लिए स्कूल भवन, स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित शैक्षणिक सुविधा के अनेक कार्य किए गए हैं। सुगम आवागमन हेतु सड़कों के काम कराये गए हैं। उन्होंने बताया कि गांवों में ग्राम विकास योजना के तहत करोड़ों रुपए के कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य पर धान मक्का की खरीदी की गई है।

डॉ. डहरिया ने कहा कि इस खरीफ विपणन वर्ष में प्रदेश में धान की खरीदी सफलतापूर्वक की जा रही है। किसानों को उनके खाते में ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत आदान सहायता के लिए सीधे किसानों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत गौ पालकों और गोबर संग्राहकों से दो रुपए किलो की दर से गौठानों में गोबर खरीदा जा रहा है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों एवं भूमिहीन परम्परागत कार्य करने वाले लोगों को सीधे उनके खाते में राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश देवांग कोमल साहू सहित क्षेत्रीय पंचायतों के प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























## सेटिंग स्प्रे बनाम सेटिंग पाउडर

# इनमें से किसे चुनना है बेहतर

मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने में सेटिंग स्प्रे या पाउडर काफी मदद कर सकते हैं। हालांकि, कई लोगों को सेटिंग स्प्रे और पाउडर में अंतर नहीं पता होता है। ये दोनों उत्पाद त्वचा पर अलग-अलग तरीके से काम करते हैं और यह जरूरी नहीं है कि ये हर तरह की त्वचा पर सूट करें। आइए आज हम आपको सेटिंग स्प्रे और पाउडर में अंतर समेत इनके काम करने के तरीके के बारे में बताते हैं।

### सेटिंग पाउडर क्या है?

सेटिंग पाउडर दो तरह के होते हैं, जिसमें लूज और प्रेस्ड शामिल है और इसे लगाने के लिए ब्रश या पफ की आवश्यकता होती है। लूज पाउडर काफी महीन होता है और सिलिका जैसी सामग्री से बना होता है, जो मेकअप को हल्का कवरेज देकर चेहरे के अतिरिक्त तेल को अवशोषित करता है। प्रेस्ड या कॉम्पैक्ट पाउडर कई तरह के रंगों में आता है। यदि आप एक मैट एयरब्रश फिनिश चाहते हैं तो सेटिंग पाउडर आपका पसंदीदा उत्पाद होना चाहिए।

### सेटिंग स्प्रे क्या होता है?

सेटिंग स्प्रे एक फाइन मिस्ट स्प्रे होता है, जो आपके पूरे मेकअप को एक ही बार में सेट करने में मदद करता है। मेकअप करने के बाद सिर्फ चेहरे के किसी एक हिस्से पर ही नहीं बल्कि पूरे चेहरे पर सेटिंग स्प्रे लगाया जा सकता है। यह हल्का होता है और पाउडर की तरह त्वचा के रोमछिद्रों में नहीं जाता है। इसका उपयोग हाइलाइटर को अधिक प्रभावी बनाने या नम आईशैडो लगाने के लिए भी किया जा सकता है।

### सेटिंग पाउडर का इस्तेमाल करने का तरीका

एक बार जब आप फाउंडेशन, कंसीलर, ब्लश या किसी अन्य मेकअप उत्पाद को लगा लेते हैं, तो आप सेटिंग पाउडर का उपयोग करने के लिए तैयार हैं। इसे लगाने के लिए एक छोटा और पफी मेकअप ब्रश चुनें। फिर ब्रश को पाउडर में घुमाएं और अतिरिक्त उत्पाद को झाड़कर नाक के किनारों, आंखों के नीचे और अपने टी जोन पर लगाकर हल्के हाथों से स्मज करें।

### इस तरह लगाएं सेटिंग स्प्रे

जब आपका पूरा मेकअप हो जाए तो सेटिंग स्प्रे को अच्छी तरह हिलाएं। फिर स्प्रे को अपने चेहरे से करीब आठ इंच की दूरी पर लाएं। अब अपनी आंखें बंद करें और अपने चेहरे के केंद्र के साथ-साथ अपने माथे पर भी स्प्रे करें। फिर अपनी ठुड्डी और गर्दन के किनारों पर भी स्प्रे करें। अंत में इसे कुछ सेकंड सूखने के लिए दें।

### दोनों में से किसे चुनना चाहिए?

सेटिंग स्प्रे और पाउडर के बीच का अंतर जानना महत्वपूर्ण है ताकि आपके लिए यह निर्धारित करना आसान रहे कि दोनों में से आपकी त्वचा के प्रकार के लिए क्या उपयुक्त है। बता दें कि सेटिंग पाउडर अतिरिक्त तेल को सोख सकता है। ऐसे में इसे ऑयली या कॉम्बिनेशन स्किन के लिए आदर्श माना जाता है। दूसरी ओर सेटिंग स्प्रे त्वचा को हाइड्रेट करने की क्षमता रखता है। ऐसे में यह रूखी त्वचा के लिए सबसे उपयुक्त है।

# फेशियल स्टीम से त्वचा को मिल सकते हैं ये 5 प्रमुख फायदे



सैलून में महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट्स पर हजारों रुपये खर्च करने की बजाय बस एक गरम भाप से आप घर पर अपनी त्वचा की देखभाल कर सकते हैं। यह आपकी त्वचा की कई समस्याओं का उपचार बन सकती है। इसके अतिरिक्त यह तुरंत ही चेहरे को तरोताजा करने और मुलायम बनाने में मदद कर सकती है। आइए आज हम आपको फेशियल स्टीम से मिलने वाले पांच प्रमुख लाभों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

### त्वचा को करे हाइड्रेट

फेशियल स्टीमिंग आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद कर सकती है और इसे मुलायम बनाने और पोषित करने में भी सहायक है। उचित हाइड्रेशन आपकी त्वचा को मजबूत और इसकी मांसपेशियों को लचीला भी बनाने में भी कारगर है। यह आपकी त्वचा की कोशिकाओं को भी पानी प्रदान करती है। भाप लेने के बाद अपने चेहरे पर एक अच्छा मॉइस्चराइजर या फेस सीरम लगाएं।

### बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

फेशियल स्टीमिंग से निकलने वाली गर्मी रक्त वाहिकाओं को फैलाने में मदद करती है और इससे शरीर के ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे आपकी त्वचा को कोलेजन और इलास्टिन बनाने में मदद मिलती है। बेहतर ब्लड सर्कुलेशन से त्वचा को भरपूर ऑक्सीजन भी मिलता है। यहां तक कि यह आपकी त्वचा को मोटा, चमकदार और निखरा हुआ बनाता है। यह मुंहासों से राहत दिलाने में भी मदद करता है।

### ब्लैकहेड्स को दूर करने में सहायक

फेशियल स्टीम आपके चेहरे के रोमछिद्रो को खोलने में मदद कर सकता है और त्वचा में जमा तेल, गंदगी और बैक्टीरिया को भी बड़ी आसानी से साफ कर सकता है। इसके अतिरिक्त अगर आप फेस क्लींजिंग के बाद अपने चेहरे को भाप देते हैं तो इससे ब्लैकहेड्स को दूर करने में भी कारगर हो सकता है। दरअसल, इसके जरिए ब्लैकहेड्स को प्लकिंग करना काफी आसान हो जाता है।

### ब्यूटी उत्पादों को बेहतर तरीके से करे अवशोषित

फेशियल स्टीमिंग आपके स्किन केयर और ब्यूटी उत्पादों को बेहतर काम करने में मदद कर सकती है, जिससे आपको उनका अधिकतम लाभ मिल सकता है। इसका कारण है कि भाप लेने के बाद आपकी त्वचा पर क्रीम, सीरम, मॉइस्चराइजर या अन्य ब्यूटी उत्पाद का उचित अवशोषण होने लगता है। इसलिए अपने चेहरे को भाप देने के बाद अपने टोनर, मॉइस्चराइजर या सीरम का उपयोग करें।

### एजिंग प्रभाव हो सकता है दूर

अगर आपको लगता है कि समय से पहले आपके चेहरे पर एजिंग प्रभाव उभर रहे हैं तो आपको नियमित तौर पर अपने चेहरे को भाप देनी चाहिए। यह त्वचा में कसावट लाने का भी काम करती है। इसी तरह यह ढीली त्वचा पर महीन रेखाएं पड़ने से भी बचाती है। इसके अलावा यह त्वचा पर नजर आ रहे पिगमेंटेशन के असर को कम करने में भी मदद करता है।

## पूजा एंटरटेनमेंट की कटपुतली 2022 में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बनी

अक्षय कुमार और रकुल प्रीत सिंह की क्राइम थ्रिलर फिल्म कटपुतली 2022 की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बन गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, डिजनी प्लस हॉटस्टार ने वर्ष 2022 के लिए सबसे अधिक स्ट्रीम की जाने वाली फिल्मों और श्रृंखलाओं की सूची का नेतृत्व किया, जिसमें पूजा एंटरटेनमेंट की कटपुतली का शासन था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग कटपुतली 26.9 मिलियन व्यूज के साथ सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी फिल्म थी। फिल्म में सरगुन मेहता, जोशुआ लेक्लेयर, चंद्रचूर सिंह और हर्षिता भट्ट भी हैं। ऑरमैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ग्राउंड-ब्रेकिंग कंटेंट क्रिएशन में, पूजा एंटरटेनमेंट जैसे ठोस बैकर्स की मदद से, डिज्नी प्लस हॉटस्टार 2022 में भारत में हिंदी भाषा के ओटीटी मूल दर्शकों की संख्या का नेतृत्व करने में सक्षम था। प्लेटफॉर्म ने शीर्ष 15 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले मूल शो और फिल्मों में से सात को स्ट्रीम किया और कटपुतली सूची में सबसे आगे है। 2023 में, पूजा एंटरटेनमेंट के पास गणपथ, कैप्सूल गिल, बड़े मियां छोटे मियां और कर्ण हैं।

## महात्मा गांधी की बायोपिक सीरीज की शूटिंग इसी साल शुरू होगी

मशूहर फिल्म निर्माता हंसल मेहता भारत के स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी नेता रहे महात्मा गांधी के जीवन पर एक वेब सीरीज बनाने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग वह जल्द शुरू करेंगे। वह रामचंद्र गुहा की प्रतिष्ठित पुस्तकों गांधी बिफोर इंडिया और गांधी-द इयर्स दैट चेंज द वर्ल्ड पर आधारित सीरीज बनाएंगे, जिसका नाम गांधी रखा गया है। महात्मा गांधी की बायोपिक में प्रतीक गांधी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने गुहा से इसके राइट्स खरीदे हैं।

इस सीरीज के जरिए गांधी की अनकही कहानियों को दर्शकों के बीच लाया जाएगा। यह दूसरी बार है जब हंसल और प्रतीक एक साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले ये जोड़ी स्कैम 1992 का हिस्सा रही है। प्रतीक के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह समाज सुधारक और लेखक ज्योतिराव फुले की बायोपिक में भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह फिल्म वो लड़की है कहां को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ तापसी पन्नू नजर आएंगी।

# यौन स्वास्थ्य पर अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने रखी अपनी बात



अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म छतरीवाली की तैयारी कर रहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह का मानना है कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही यौन स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती के बारे में भी बातचीत करना महत्वपूर्ण है। फिल्म, जो ओटीटी पर रिलीज होगी, यौन शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालती है।

अपने विचारों को विस्तार से बताते हुए, अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए यह विषय के बोल्ड होने के बारे में नहीं है, मुझे लगता है कि पूरी बातचीत यह है कि यह बोल्ड नहीं है, यह उतना ही सामान्य है जितना यह हो सकता है और मुझे विश्वास है कि अगर हम प्रमुख स्वास्थ्य के बारे में बात करते हैं मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक स्वास्थ्य तो यौन स्वास्थ्य क्यों नहीं।

आप जानते हैं कि यह कोई विकल्प नहीं है, यह अनिवार्य है।मैं वास्तव में मानती हूं कि यह एकमात्र ऐसी चीज है जिसका हमारे पास जीवन में कोई विकल्प नहीं है तो इससे संबंधित शिक्षा को एक विकल्प क्यों होना चाहिए। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है और यह समय की जरूरत है।

जब मैंने पटकथा पढ़ी, तो मैं इससे इतनी जुड़ी हुई थी कि मुझे लगा आप कभी-कभी जानते हैं, आपकी कुछ मान्यताएं हैं लेकिन यह आपके सामने एक रूप में आती है। स्क्रिप्ट इस तथ्य को फिर से बताती है कि हां, मुझे लगता है कि मुझे कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे लोगों को मदद मिले, जाहिर है, मनोरंजन सबसे आगे है।

मैं इसके साथ इतना जुड़ी हुई हूं कि कभी किसी ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों के बारे में बात नहीं की जैसे गर्भपात के बारे में बात करना लेकिन क्या हम में से कोई बता सकता है कि एक महिला का शरीर कितने गर्भपात कर सकता है और इसके दुष्प्रभाव क्या हैं और यह कैसे आघात करता है जिन महिलाओं को आप मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक रूप से जानते हैं और ये वो बातचीत हैं जिनकी हमें समाज को उम्मीद करने और आगे बढ़ने के लिए जरूरत है। छतरीवाली ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 20 जनवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है।



# वेजिटेबल रिफाइंड तेल की जगह खाना पकाने के लिए इस्तेमाल करें ये 5 स्वस्थ तेल

वेजिटेबल रिफाइंड तेल बहुत सारे रसायनों का उपयोग करके बनाए जाते हैं और यह अत्यधिक प्रोसेस्ड होते हैं। इसके अलावा इनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए इन्हें प्रोसेस्ड और दुर्गन्धित करके ठंडा किया जाता है। इसके बाद इन्हें ब्लीच किया जाता है और अधिक रसायनों के साथ मिलाया जाता है, जिससे ये अनहेल्दी हो जाते हैं। आइए आज वेजिटेबल रिफाइंड तेल के विकल्प के तौर पर अन्य स्वस्थ तेलों के बारे में जानते हैं।

### जैतून का तेल

कई विशेषज्ञ मानते हैं कि जैतून का तेल सबसे स्वस्थ और बहुमुखी खाना पकाने के तेलों में से एक है। इसका उपयोग तब तक किया जा सकता है जब तक यह अतिरिक्त कच्चा हो। अतिरिक्त कच्ची जैतून के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड वसा और कुछ पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर के लिए स्वस्थ होते हैं। इसके अलावा कई अध्ययनों में इस तेल को बेहतर हृदय स्वास्थ्य से भी जोड़ा गया है।

### एवोकाडो का तेल

एवोकाडो का तेल जैतून के तेल जितना ही अच्छा और स्वस्थ होता है। इस तेल में ज्यादा स्वाद नहीं होता है, जो इसे पकाने के लिए और अधिक उपयुक्त बनाता है। इसके अलावा इसमें मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होने के साथ-साथ विटामिन ई भी होता है, जो अवशोषित करने के लिए अच्छा है। बाजार में एवोकाडो का तेल महंगा मिल सकता है, लेकिन यह अन्य तेलों से बेहतर है।

### घी

घी बनाने के लिए सफेद मक्खन का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें विटामिन ए, डी, ई, के, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटी-कैंसर गुण मौजूद होते हैं। दुनियाभर के कई अध्ययनों में घी को इंसुलिन प्रतिरोध में सुधार करने में मददगार बताया गया है। हालांकि, यह उन लोगों के लिए अनुकूल नहीं है जो अपना वजन कम करना चाहते हैं। फिर भी यह रिफाइंड तेलों की तुलना में खाना पकाने के लिए एक बेहतर विकल्प है।


### तिल का तेल

तिल के तेल में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा भरपूर होती है, जो सेहत के लिए लाभदायक होते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद सीसमोल और सेसमिनॉल दिल के लिए काफी अनुकूल हैं और ये पार्किंसंस रोग के खिलाफ न्यूरोप्रोटेक्टिव प्रभाव प्रदान करने के लिए भी जाने जाते हैं। यह तेल खाना पकाने के लिए उपयुक्त है और इसमें हल्का पौष्टिक स्वाद होता है, जो कई तरह के व्यंजनों के साथ अच्छी तरह से काम कर सकता है।

### अखरोट का तेल

अखरोट का तेल विटामिन के और ई, जिंक, कोलीन और फास्फोरस से भरपूर होता है, जो इसे वेजिटेबल रिफाइंड तेल का एक स्वस्थ विकल्प बनाते हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स की भी अधिक मात्रा मौजूद है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर रखने, मधुमेह को नियंत्रित करने और बेहतर त्वचा प्रदान करने के लिए जाने जाते हैं। इस तेल का लो स्मोक पॉइंट इसे बहुत आदर्श विकल्प नहीं बनाता है, लेकिन फिर भी इसे भोजन में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# पैन स्टूडियो ने 100 करोड़ रुपये में खरीदे पुनर्जन्म पर आधारित सूर्या 42 के अधिकार




ताजा रिपोर्ट की मानें तो तमिल सुपरस्टार सूर्या की 42वीं फिल्म के अधिकार पैन स्टूडियोज के जयंतिलाल गढ़ा ने पूरे 100 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। इतना ही नहीं, हैरानी की बात यह है कि यह अब तक किसी भी तमिल फिल्म के लिए हुई सबसे महंगी डील बताई जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म स्टार से जुड़े करीबी सूत्रों ने कहा, सूर्या 42 के हिंदी अधिकार जयंतिलाल गढ़ा ने 100 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। यह सूर्या की किसी भी हिंदी फिल्म के लिए अभी तक की सबसे महंगी डील है। साथ ही तमिल फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी यह एक सबसे बड़ी महंगी फिल्म है। निर्माता इस फिल्म को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोडने वाले हैं। यह फिल्म एक बड़ी धमाकेदार एडवेंचर्स एक्शन फिल्म होने वाली है। जो देशभर के सभी दर्शकों को प्रभावित करने में कामयाब होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पैन स्टूडियो ने इस मेगा डील में फिल्म के डिजिटल, सैटेलाइट्स और थियेट्रिकल सभी हिंदी राइट्स हासिल कर लिए हैं।

तमिल निर्देशक शिवा की यह फिल्म एक बिग बजट फिल्म है। जिसे बनाने में निर्माताओं ने कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म को 10 भाषाओं में प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें हिन्दी, तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ विशेष रूप से शामिल हैं। इस फिल्म में सुपरस्टार सूर्या के साथ अदाकारा दिशा पाटनी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। यह उनकी पहली तमिल फिल्म होने जा रही है। दिशा पाटनी को हिन्दी भाषी दर्शक बागी, भारत सरीखी फिल्मों में देख चुके हैं। जिसे लेकर फैंस के बीच खासा उत्साह है।

सिने गलियारों में बहती हुई हवाओं का कहना है कि सूर्या की यह फिल्म पुर्नजन्म पर आधारित है। सूर्या गत वर्ष दर्शकों के सामने ईटी और विक्रम में नजर आए थे। हालांकि व्यावसायिक तौर पर ईटी हिन्दी में असफल रही थी लेकिन दक्षिण में जरूर इसने मोटी कमाई की थी। वहीं दूसरी विक्रम में वे कैमियो भूमिका में नजर आए थे लेकिन उनके किरदार की चर्चा पूरी फिल्म में रहती है। अन्त के 15 मिनट में परदे पर आकर उन्होंने इस फिल्म के मुख्य अभिनेता कमल हासन को अपने अभिनय से पीछे छोडने में सफलता प्राप्त की थी। दर्शकों ने सूर्या की इस छोटी भूमिका को ही अहम् मानते हुए जबरदस्त प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में कांकेर जिले ने प्राप्त किया सर्वाधिक पदक

**कांकेर।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन रायपुर में किया गया था। छत्तीसगढ़िया पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन छः चरणों में किया गया, जिसमें प्रथम चरण राजीव युवा मितान क्लब स्तर से लेकर अंतिम चरण राज्य स्तर का आयोजन किया गया। खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया कि कांकेर जिले से सबसे अधिक प्रतिभागियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया। कांकेर जिले के प्रतिभागियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये पूरे राज्य में सर्वाधिक पदक हासिल कर कांकेर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रौशन किये है। खेल मंत्री श्री उमेश पटेल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरूस्कृत किया। उक्त प्रतियोगिता को महिला, पुरूष वर्ग के आधार पर 03 आयु वर्गों में बाँटकर छत्तीसगढ़िया पारम्परिक 14 खेल विधाओं को शामिल किया गया था। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रतियोगिता 2022-23 रायपुर में खेल विधाओं को तीन आयु वर्गो 0-18 वर्ष, 18-40 वर्ष एवं 40 से अधिक महिला, पुरूष वर्ग के आधार पर बाँटा गया था, जिसमें कांकेर जिले से सबसे अधिक प्रतिभागी सम्मिलितत हुए।


### सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र खो-खो पारा में टी बी मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार प्रदान किया गया

**रायपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति रायपुर के तत्वाधान में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत डॉ. प्रीति नारायण, नोडल अधिकारी मातृत्व एवम शिशु स्वास्थ्य, जिला रायपुर द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोखोपारा में उपचाररत् 05 टीबी मरीजो के निक्षय मित्र बनकर छः माह तक की अवधि के लिये पोषण आहार निःशुल्क प्रदान किया गया । अभियान के अंतर्गत जनसमुदाय से टी बी मरीजों को पोषण आहार प्रदान करने हेतु आह्वान किया गया है। जिसमें उन्हें निक्षय मित्र का नाम संबोधित किया जा रहा है। इस अवसर पर रायपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, डॉ. अविनाश चतुर्वेदी जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी शहरी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोखोपारा ,के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल अग्रवाल, जिला कार्यक्रम समन्वयक पीपीएम अमन दास आनंद, जिला कार्यक्रम समन्वयक एनटीईपी- आलोक कुमार पांडेय, वरिष्ठ चिकित्सा पर्यवेक्षक अशोक उईके, श्रीमती नंदा दुधी टीबी हेल्थ विजिटर एवं एनटीईपी लेखापाल- आनंद कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

### कोयला/लिग्नाइट पीएसयू हरित अभियान को गति दे रहे हैं

# कोयला खानों के पानी से 900 गांवों के 18 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं

श्रीकंचनपथ न्यूज




**नई दिल्ली (पीआईबी)।** कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार, कोयला/लिग्नाइट पीएसयू खानों के पानी के संरक्षण और कुशल उपयोग के लिए विभिन्न कदम उठा रहे हैं। पीएसयू अपने क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई जैसे सामुदायिक उपयोग के लिए खानों से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू के परिचालित खानों से छोड़े गए पानी के साथ-साथ परित्यक्त खदानों में उपलब्ध पानी से कोयला खनन क्षेत्रों के आस-पास के 900 गांवों के लगभग 18 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है।

चालू वित्त वर्ष के दौरान, कोयला/लिग्नाइट पीएसयू ने सामुदायिक उपयोग के लिए खानों के लगभग 4000 एलकेएल पानी की आपूर्ति करने की योजना बनाई थी, जिसमें से दिसंबर 2022 तक 2788 एलकेएल की आपूर्ति की जा चुकी है। इसमें से 881 एलकेएल पानी का उपयोग पेयजल सहित घरेलू उपयोग के लिए किया गया है। खानों के पानी के लाभार्थी मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोग हैं। यह प्रयास, सरकार के जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण के अनुरूप है।

2022-23 में, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने वित्त वर्ष 23 के दिसंबर तक अपने हरित आवरण को 1600 हेक्टेयर तक विस्तारित करते हुए अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य 1510 हेक्टेयर को पार कर लिया है। सीआईएल ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर, 2022 तक 31 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं।

पिछले पांच वर्षों के दौरान 4392 हेक्टेयर के खनन पट्टा क्षेत्र में हुए हरित पहल से 2.2 एलटी/वर्ष की कार्बन सिंक क्षमता पैदा हुई है। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2022 तक लगभग 2230 हेक्टेयर भूमि में वृक्षारोपण किया है और लगभग 360 हेक्टेयर में घास लगाई गई है। इनकी विभिन्न खानों में सीड बॉल प्लांटेशन, ड्रोन के माध्यम से बीज छिड़काव और मियावाकी प्लांटेशन जैसी नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। खनन किए जा चुके क्षेत्र, ओवरबर्डन डंप और अन्य समस्याग्रस्त क्षेत्रों को सक्रिय खनन क्षेत्रों से अलग होते ही पुनः प्राप्त किया जाता है। ये वनीकरण गतिविधियाँ और हरित पट्टी विकास कार्य भी कार्बन सिंक का निर्माण कर रहे हैं। घने वृक्षों का आवरण वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद करता है और खनन कार्यों के दौरान उत्सर्जित धूल-कणों को कम करता है।

## उद्योग मंत्री कवासी लखमा के उपस्थिति में हुआ एमओयू पर हस्ताक्षर



### प्रदेश में होगा 295 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश, 920 लोगों को मिलेगा रोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उद्योग मंत्री कवासी लखमा की उपस्थिति में आज उद्योग भवन रायपुर में दो एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। छत्तीसगढ़ शासन उद्योग विभाग एवं सुरुचि फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के मध्य पूरक पोषण आहार तथा फोर्टिफाइड राइस के लिए अनुबंध हुआ। जिसमें कम्पनी 111.7 करोड़ रुपये का निवेश करेगी इस उद्योग से 800 लोगो को रोजगार उपलब्ध होगा।

छत्तीसगढ़ शासन उद्योग विभाग एवं यूनिटी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एथेनाल एक्सट्रैक्शन फ्रॉम मेज़ बेस्ड कॉर्न स्टार्च एंड डैमेज राइस एवं पावर प्लांट के लिये अनुबंध हुआ, जिसमे कम्पनी 183 करोड़ का निवेश करेगी। इस उद्योग से लगभग 120 लोगो को रोजगार उपलब्ध होगा। इस प्रकार कुल 294.7 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हुये।

पूरक पोषण आहार तथा फोर्टिफाइड राइस के लिए छत्तीसगढ़ शासन उद्योग विभाग के सचिव भुवनेश यादव और सुरुचि फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से संचालक हिमांशु गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए, वहीं एथेनाल एक्सट्रैक्शन फ्रॉम मेज़ बेस्ड कॉर्न स्टार्च एंड डैमेज राइस एवं पावर प्लांट के लिये छत्तीसगढ़ शासन उद्योग विभाग के सचिव श्री भुवनेश यादव और यूनिटी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के संचालक बसन्त कुमार अग्रवाल के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उद्योग विभाग के अपर संचालक द्वय आलोक द्विवेदी एवं प्रवीण शुक्ला तथा संयुक्त संचालक द्वय श्री हरीश सक्सेना एवं वी.के.देवांगन के अलावा सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पोषणबाड़ी से सुपोषित हुआ नौनिहाल : आंगनबाड़ी केन्द्र रानीबोदली मे सुपोषण बाड़ी से मिल रही है हरी सब्जियाँ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास लुपेन्द्र महिनाग के मार्गदर्शन मे एकीकृत बाल विकास परियोजना कुटरू, सेक्टर कुटरू के आंगनबाडी केन्द्र रानीबोदली जो कि रानीबोदली पंचायत में है।



रानीबोदली आंगनबाड़ी केन्द्र का पोषण बाडी जनवरी 2022 में पंचायत की ओर से सरपंच श्री विच्चम गोटा द्वारा फेंसिंगतार की बाडी तैयार कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के द्वारा जमीन का हल्का खोदाई कर लाल भाजी एवं पालक भाजी के बीज का रोपण किया गया। लगभग 4 से 5 माह की कड़ी मेहनत के बाद पोषण बाडी में लाल भाजी एवं पालक भाजी की हरी सब्जियॉ पोषण बाड़ी में लहराती हुई दिखी। इस हरी सब्जियों को गरम भोजन के साथ बनाकर परोसा जाता है।

जिससे केन्द्र के बच्चें को कुपोषण में शतप्रतिशत सुधार हुआ है। अभी वर्तमान में केन्द्र में 0 से 6 वर्ष के कुल 40 बच्चे दर्ज है। और सभी बच्चे वर्तमान में सुपोषित है केन्द्र में अभी मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चे की संख्या शुन्य है। पोषण बाड़ी का क्षेत्र बड़ा है और यहॉ सब्जी भाजी काफी मात्रा में उत्पादित होने के कारण कार्यकर्ता श्रीमती अनिता गोटा और सहायिका पुष्पा अंगनपल्ली के पति के द्वारा लगभग तीन सौ रूपये का सब्जी व्रिकय भी किया गया। इस कार्य से कार्यकर्ताए सहायिका और वार्ड पंच श्रीमती तुरजाबाई तोडसम, वार्ड पंच अरविंद गोटा जो कि पोषणबाडी निर्माण में अपना सहयोग दिया है।

पोषणबाडी के देखरेख एवं निर्माण के लिए सहायिका और कार्यकर्ता के अथक प्रयास ही सफल हुआ है। सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका भारद्वाज द्वारा कार्यकर्ता को समाझाईस दी गई है कि पोषणबाडी से उत्पादित सब्जी भाजी का प्रतिदिन गरम भोजन के साथ हरी साग भाजी की सब्जी आहार के रूप में देना शुरू करे, ताकि केन्द्र में दर्ज सभी बच्चे लाभांवित हो जायेए और कुपोषण से निजात पाकर सुपोषित हो सके।

## आंकड़ेबाजी से नहीं धरातल पर दिखना चाहिए काम- कुन्दन कुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** कलेक्टरकुन्दन कुमार ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में औसत प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए सीडीपीओ व सुपरवाइजर को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल आंकड़े भरने का ही काम न करे फील्ड में काम होते हुए दिखना भी चाहिए। बच्चों व महिलाओं में कुपोषण दूर करने व उन्हें जागरूक करने में ईमानदारीपूर्वक दायित्वों का निर्वाहन करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त कार्यकर्ता व सहायिका के पदों पर भर्ती की कार्यवाही 31 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर लुण्ड्रा के सीडीओपी को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित पोषण तुंहर द्वार कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि कुपोषित बच्चों व महिलाओं को खिचड़ी व अंडा वितरण की नियमित मॉनिटरिंग करें। कार्यक्रम शुरू हुए 10 दिन हो गए हैं, इन दस दिनों में महिलाओं के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया, कहां पर कमियां या गेप मिला इसका आंकलन करें। महिलाओं को बताएं कि खिचड़ी बनाने में किन सामग्रियां की कितनी मात्रा में आवश्यकता होती है और खिचड़ी कुपोषण दूर करने में कैसे सहायक बन सकता है। उन्होंने कहा कि पोषण तुंहर द्वार कार्यक्रम में शिक्षा विभाग व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का भी सहयोग लें। उन्होंने बताया कि बच्चों एवं महिलाओं में कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने पोषण तुंहर द्वार कार्यक्रम जिले में संचालित की जा रही है जिसके लिए डीएमएफ मद से 3 करोड़ राशि उपलब्ध कराई गई है। पहले खुद जानें योजनाओं को- कलेक्टर ने कहा कि विभाग में केंद्र एवं राज्य शासन के अनेक योजनाएं संचालित है।

## छतीसगढ़ के 40 से अधिक सेंटरों में स्कालरस यूनिटी टेस्ट की पहले चरण की परीक्षा संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ग्रीन फिल्ड्स एजुकेशन ट्रस्ट इंडिया के बैनर तले स्कॉलर यूनिटी टेस्ट का आयोजन छत्तीसगढ़ के 40 से अधिक स्कूलों के सेंटरों में आयोजित हुआ. जिसमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक बच्चों ने इस परीक्षा में भाग लिया। इस आयोजन मे बच्चों से सामान्य ज्ञान एवं व लॉजिकल रिजिनिंग के प्रश्न पूछे गए थे। यह परीक्षा प्रतिवर्ष जिला स्तर पर आयोजित की जाती है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम रैंक प्राप्त करने वालें को 10 हजार, दितीय स्थान वालें को 5 हजार व तृतीय स्थान वाले को 3 हजार और टॉप 50 रैंक होल्डर को मेडल से सम्मानित किया जाएगा।




छत्तीसगढ़ के 40 से अधिक स्कूलों में एग्जाम सेंटर बनाए गए थे जिनमें सरस्वती शिशु मंदिर, दुर्ग, स्वामी आत्मानंद स्कूल धनोरा, स्वामी आत्मानंद स्कूल खुर्सीपर, स्वामी आत्मानंद स्कूल, खमरिया, देव संस्कृति विद्यालय खपरी, करियर पब्लिक स्कूल दुर्ग, अशरफीया आई. टी किड्स दुर्ग, अग्रसेन पब्लिक स्कूल रायपुर, श्री जगदीश कुमार दानी हायर सेकंडरी स्कूल रायपुर, उज्जवल पब्लिक स्कूल, रायपुर, नोवनिहाल पब्लिक स्कूल रैपर, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल, रायपुर, स्वामी आत्मानंद स्कूल सरोना, स्वामी आत्मानंद स्कूल, भिलाई 3, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल भिलाई 3, देव संस्कृति पब्लिक स्कूल सूरजपुर, सेंट ज़ेवियर्स स्कूल बिलासपुर प्रमुख रहे। आयोजकों ने बताया कि सत्र में ये परीक्षा आयोजित होती है। अगले चरण में परीक्षा 29 जनवरी को आयोजित होगी जिसमे 6000 से अधिक बच्चे 100 से भी ज्यादा स्कूलों से शामिल होंगे द्य अगली परीक्षा के लिए रजिस्ट्रैशन हेतु स्कूल प्रंबधन व अभ्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन www.scholar-sunity.org पर भी आवेदन की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

आयोजकों ने इस परीक्षा के फायदे बताते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों को आने वाले कम्पटीटिव एग्जाम जैसे:- बैंक, एसएससी, यूपीएससी, सीजीपीएससी, रेलवे, यूनिवर्सिटी, एंट्रेंस टेस्ट, कैट मेट एवं अन्य सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कराकर छात्रों का भविष्य बेहतर करना हमारा उद्देश्य है ताकि वे अपना देश व प्रदेश का नाम रौशन करके समाज को नई दिशा दे सकें। जल्द ही इस परीक्षा में भाग लिए हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

ग्रीन फिल्ड्स एजुकेशन ट्रस्ट इंडिया का हेड ऑफिस गाजियाबाद में है वहीं छत्तीसगढ़ का रिजनल ऑफिस इंदिरा मार्केट दुर्ग में संचालित है।

## महिलाओं का सहारा बना सखी वन स्टॉप सेन्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** सखी वन स्टॉप सेंटर महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 24 घंटे चलने वाली संस्था है। सखी वन स्टाप सेंटर बेमेतरा में 8 मार्च 2017 से संचालित हो रही है। सखी वन स्टाफसेंटर में शोषण, हिंसा या अन्य किसी भी प्रकार के समस्या से प्रभावित महिलाओं को चिकित्सा, विधिक पुलिस, परामर्श एवं आपातकालीन आश्रय की सुविधा प्रदान करती है।

बेमेतरा में सखी वन स्टाफ सेन्टर योजना प्रारंभ से अब तक 1520 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें 1489 प्रकरण पर सफलतापूर्ण निराकृत किए गए और 31 प्रकरण लंबित है, अब तक 637 पीड़ित महिलाओं को आपातकालीन आश्रय दिया गया है। महिलाओं को एकीकृत रूप से सहायता उपलब्ध कराने के लिए भारत शासन, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार की सहायता से प्रदेश के जिलों में वन स्टाप सेंटर संचालन की स्वीकृति दी गई है। वन स्टाप सेंटर में एक ही छत के नीचे सभी वर्ग की महिलाओं (18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाएं भी सम्मिलित है) को सलाह, सहायता, मार्गदर्शन एवं संरक्षण प्रदान किया जाता है। सखी वन स्टाप सेंटर में 11 कार्यकर्ताओं का सेटअप है जिसमें सभी महिलाएं नियुक्त रहती है ।

सखी वन स्टाप सेन्टर में घरेलू हिंसा, लैंगिक हिंसा, बलात्कार, टोनही के नाम पर प्रताड़ित भ्रूण हत्या, सती प्रथा, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, व्यक्तिगत वाद-विवाद, धोखाधडी छेड़छाड़, मानसिक रोगी, नशे की हालात, प्रेम-प्रसंग, स्वास्थ्य समस्या, भटकती अवस्था, मानसिक प्रताड़ना, भरण पोषण, आपातकालीन आश्रय आदि किसी भी हिंसा का सभी वर्ग की महिलाओं को सलाह, सहायता, मार्गदर्शन एवं संरक्षण दिया जाता है। जिले में 52 महिलाओं का घरेलू हिंसा डी.आई. आर. प्रस्तुत किया गया है। 73 प्रकरण को विधिक सेवा प्राधिकरण से विधिक सहायता दी गई। 219 प्रकरण में पुलिस सहायता दी गई, 30 प्रकरण में जिन पीड़ित महिलाओं के ससुराल से घरेलू हिंसा के चलते ससुराल वाले महिला से बच्चा छीनकर अपने पास रख लेते है उन महिलाओं के ससुराल जाकर उसके बच्चे को उन्हें वापस दिलाया गया। 9 प्रकरण में पीड़ित महिलाओं बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण से क्षतिपूर्ति राशि दिलाई गई। 118 प्रकरण में दहेज वापसी कराया गया, 48 प्रकरण में जिन महिलाओं को उसके ससुराल में मारपीट कर घर के अन्दर बन्द करके रखा गया था, उसको रेस्क्यू कर उसके ससुराल वालों को समझाईश दी गई, 26 विक्षिप्त महिलाओं को ईलाज हेतु सेन्दरी बिलासपुर एवं 2 महिलाओं को रिम्स नया रायपुर भेजा गया। 62 प्रकरण में चिकित्सा सहायता देते हुए स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

आवेदिका स्वयं या सरपंच कोटवार गांव का कोई वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या पुलिस किसी के भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430


दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, एक को आगरा से पकड़कर लाई पुलिस, छिपता फिर रहा था दूसरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छवनी व जामुल पुलिस ने नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पुलिस यूपी के आगरा से पकड़कर लाई। वहीं दूसरा आरोपी भिलाई रहकर लुकाछिपी कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



छावनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहल मामले में नाबालिग की मां द्वारा थाना छावनी में 28 नवंबर 2022 को घटना की रिपोर्ट कराई गई। मामले की जांच के दौरान 7 दिसंबर 2022 को नाबालिग की मां ने फिर से शिकायत दर्ज कराई थी। मां ने सोनू दीवान नाम के युवक का नाम भी बताया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू की। इसके बाद सोनू दीवान की मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया गया। मोबाईल नंबर के आधार पर आरोपी का लोकेशन फतेहपुर सिकरी (आगरा) मिला। इसके बाद एक टीम आगरा पहुंची और आरोपी आदित्य उर्फ सोनू दीवान को गिरफ्तार कर ले आई। इस मामले में पुलिस ने 363, 366, 376, 376 (2) (एन.) 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार दूसरा मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। क्षेत्र की नाबालिग गुमशुदा की रिपोर्ट उसकी मां ने 8 मार्च 2022 को करवाई थी। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पता चला कि नाबालिग को विजय जोशी नाम के युवक द्वारा शादी का प्रलोभन देकर अपहरण किया गया। अपहरण के बाद नाबालिग का दुष्कर्म कर उसे छोड़ दिया। इस घटना के बाद लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान वह लगातार लुक छिपकर बचने का प्रयास करता रहा। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376 व 4 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खंडहर में सजा था जुए का फड़


# रेड में पकड़ाए 11 जुआरी 30 हजार से ज्यादा बरामद



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात खंडहरनुमा जगह पर जुआ खेल रहे 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यह रेड कार्रवाई की। आरोपी यहां काटपत्ती नाम का गेम खेल रहे थे। आरोपीयों के विरूद्ध अपराध क्रमाक 41 / 2023 धारा 13 जुआ एक्ट कार्रवाई की गई। आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश एवं नगदी 30250 रुपए जब्त किया गया। गिरफ्तार जुआरियों में अब्दुल शाहिद बांसपारा दुर्ग, साजिद खान तकियापारा, शेख सौसिक तकियापारा, मोह. सोहेब तकियापारा, मीर अकराम तकियापारा, अजीज अहमद तकियापारा, जुनैद तकियापारा, मोह. जावेद तकियापारा, अब्दुल खालिद तकियापारा, मिर्जा शाहिद तकियापारा तथा सादाब खान हरनावांधा शामिल हैं। इस कार्यवाही में निरीक्षक एसएन सिंह, प्रआर. नेमू प्रसाद साहू आरक्षक जावेद खान, गौर सिंह, कमलेश यादव, भरथरी निषाद, थॉमशान पीटर, किशोर सोनी, नसीर बक्श, प्रशांत पाटनकर एवं संजीव सोनी का सराहनीय भूमिका रही।

## खास खबर



### नशीली दवा बेचते युवक गिरफ्तार 17 सौ से ज्यादा कैपशूल जब्त

**भिलाई।** नशीली दवाई बेचते पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-9 में युवक नशीली कैप्शूल अधिक दाम में बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया 12 पैकेट में रखे 1728 कैप्सूल जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-9 दशहरा मैदान के पास हिमांचल महानंद अवैध लाभ अर्जित करने के इरादे से नशीली दवाओं की बिक्री कर रहा था। सीएसपी दुर्ग की सिविल टीम एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर एवं थाना भिलाई नगर की टीम के द्वारा संयुक्त रूप कार्रवाई कर युवक को पकड़ा गया। उसके कब्जे से अवैध नशीली दवाई को जब्त कर मौके पर ही औषधी निरीक्षक आस्था वर्मा से परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त किया गया। युवक के पास जो कैप्सूल मिले वे नशीली दवाईयां होने की पुष्टि होने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी हिमाचल महानंद के के खिलाफ 22 एन डीपीएसएक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### हाइकोर्ट ने गरीब आदिवासी को जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश

**रायगढ़ (ए)।** एक सेठ की वफादारी में नियम कानून की किताबों को बंद कर गरीब आदिवासी के खिलाफ फर्जी एफआईआर करते हुए उसे जेल में डाल दिया गया। रायगढ़ न्यायालय में जमानत की अर्जी लगाई गई, लेकिन यहां भी इस गरीब आदिवासी को न्याय नहीं मिल सका। जब हाईकोर्ट में न्याय का दरवाजा खटखटाया गया तो रायगढ़ की पुलिस के कारनामे देख हाई कोर्ट दंग रह गया।

हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पुलिस के मुखिया डीजीपी और टीआई दोनों को तलब किया है। साथ ही हाईकोर्ट में इस गरीब आदिवासी के लिए कोई जमानत अर्जी नहीं लगाई गई है, बल्कि फर्जी एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई है। लेकिन हाईकोर्ट ने परिस्थितियों और सेठ के इशारे पर टीआई द्वारा किए गए फर्जी एफआईआर को देखते हुए स्वयं ही गरीब आदिवासी को जमानत पर रिहा करने का आदेश भी पारित कर दिया। यह हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला था। साथ ही जिस पुलिस से हम न्याय की उम्मीद रखते हैं, वह पुलिस धनवानों के इशारे पर किस प्रकार काम करती है, यह नजारा भी इस केस में देखने को भरपूर मिला।

# बिलासपुर में 9 वीं की छात्रा से रेप, घुमाने के बहाने ले गया था आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज


**बिलासपुर।** जिले में 14 साल की स्टूडेंट को भगाकर ले जाने और उसके साथ रेप करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक ने 9वीं कक्षा की छात्रा के मोबाइल पर कॉल कर पहले उससे दोस्ती की। फिर उसे प्यार में फंसा लिया। नए साल पर उसे घुमाने के बहाने युवक बहलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, लड़की के गायब होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक के साथ लड़की को बरामद कर लिया है। मामला हिर्री थाना क्षेत्र का है।



टीआई सुनील कुर्रे ने बताया कि बीते एक जनवरी को नवमीं कक्षा में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा के गायब होने की जानकारी मिली। उसके परिजन ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी घर के पास से बिना बताए लापता हो गई है। पुलिस ने नाबालिग लड़की के गायब होने पर अपहरण की आशंका से केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान परिजन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने परिचित और रिश्तेदारों के यहां लड़की की तलाश की। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल रहा है।

पुलिस गांव के युवकों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटाई। साथ ही मोबाइल के जरिए भी लड़की की तलाश करने की कोशिश की। जांच में पता चला कि सीपत क्षेत्र के ग्राम जांजी निवासी जागेश्वर प्रसाद सूर्यवंशी (19) और लड़की के बीच लगातार बातचीत चल रही थी। इसी आधार पर पुलिस ने ग्राम जांजी में दबिश दी, जहां जागेश्वर को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि लड़की को वह अपने घर में रखा है। पुलिस ने उसके घर से लड़की को भी बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में लड़की ने बताया कि मोबाइल के जरिए से जागेश्वर से उसकी जान-पहचान हुई थी। दोनों बातचीत करते थे। उसने नए साल में उसे घुमाने का बहाना बनाया और अपने घर ले गया। इस दौरान युवक ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया। पुलिस ने उसके बयान के आधार पर आरोपी जागेश्वर के खिलाफ रेप और पाक्सो एक्ट की धाराएं जोड़कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दी 20 साल की सजा तीन साल बाद हुआ फैसला



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की दो धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट भी लगाया था। मामला चौकी दोकड़ा का है और पुलिस ने आरोपी धीरज लाकड़ा को गिरफ्तार करने के बाद धारा 376(2)(एन), 376(3), 506 भा.द.वि. एवं धारा 5, 6 पंजीबद्ध किया था। इस मामले में तीन साल बाद कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है।

जशपुर पुलिस के अनुसार आरोपी धीरज लकड़ा ने अप्रैल 2019 से 2020 के बीच क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर कई बार अपने साथ ले गया और उससे दुष्कर्म किया। लगातार दुष्कर्म करने से नाबालिग गर्भवती हो गई। आरोपी ने नाबालिग पीड़िता से शादी करने से इंकार कर दिया था। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता की मामी की रिपोर्ट पर चौकी दोकड़ा में 376(2)(एन), 376(3), 506 भा.द.वि. एवं धारा 5, 6 पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस मामले में गणेश राम बर्मन, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफ्टीसी जशपुर ने आरोपी को सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर धारा 363 का चार्ज लगाया। इस मामले में 7 साल का सश्रम कारावास और 1 हजार जुर्माना, धारा 366 में 10 वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए जुर्माना, धारा 376(3) में 20 साल सश्रम कारावास तथा धारा 6 पॉक्सो एक्ट में 20 साल सश्रम कारावास की सजा के सथ 1-1 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया।

# 12 लाख के इनामी माओवादियों समेत चार नक्सलियों ने किया सरेंडर

**बीजापुर (ए)।** चार नक्सलियों, जिनमें से तीन के सिर पर 12 लाख रुपये का इनाम था, ने छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि राकेश माड़वी उर्फ जोगा माड़वी, सोमारू उर्फ किशोर कारम, दुला पुनेम और सुरेश माड़वी उर्फ सुक्का ने माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने बताया कि पांच लाख रुपये का इनामी माड़वी




मद्देड एरिया कमेटी का सदस्य था। वो 2013 में मुरकीनार माओवादी हमले में शामिल था जिसमें चार सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। वहीं कारम, जिसके सिर पर भी 5 लाख रुपये का इनाम था,वो भोपालपटनम एलओएस कमांडर था और 2011 के मेटलाचेरु हमले में शामिल था जिसमें 11 जवान शहीद हो गए थे।

पूनेम पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के प्लाटून नंबर 2 का सदस्य था और उस पर 2 लाख रुपये का इनाम था और सुक्का मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमांडर था।

# छत्तीसगढ़ की नाबालिग से शिमला में दुष्कर्म, सोशल मीडिया से दोस्ती के बाद दिया शादी का झांसा, फिर किया रेप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ कोंडागांव की नाबालिग से शिमला में रेप का मामला सामने आया है। युवक ने पहले फेसबुक के जरिए दोस्ती की और उसके बाद शादी का झांसा दिया। नाबालिग उसकी बातों में आ गई। युवक नाबालिग को शिमला भगा ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की और शिमला से उसे गिरफ्तार किया है। मामला जिले के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार बडेडोंगर थाना क्षेत्र की रहने वाली कक्षा 9वीं की छात्रा 6 जनवरी को स्कूल गई और उसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जगह जगह नाबालिग का पता लगाया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू की। साइबर सेल की मदद से पुलिस ने नाबालिग का मोबाइल नंबर ट्रेस कराया जिससे पता चला वह शिमला में है।

इसके बाद पुलिस की एक टीम को शिमला भेजा गया। शिमला में पुलिस ने युवक को उसके घर से गिरफ्तार किया और नाबालिग को बरामद कर लिया। आरोपी युवक का नाम ललित है जो शिमला के एक प्राइवेट होटल में वेटर का काम करता है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि फेसबुक के जरिए उसकी कोंडागांव की नाबालिग के साथ दोस्ती हुई और इसके बाद उसने उसका मोबाइल नंबर लिया था। इसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी। इसके बाद युवक कोंडागांव आया और नाबालिग से मिलकर उसे भगा ले गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### पशुधन विकास विभाग के 32 अधिकारी कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने एक अनूठी पहल आज की। सभी अधिकारी कर्मचारियों ने ब्लड डोनेट किया। इस तरह से सामाजिक सोद्देश्यपूर्ण कार्य के लिए सभी सहभागी बने। उपसंचालक कार्यालय परिसर में पशुधन विकास विभाग द्वारा रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे विभाग के 32 अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा रक्तदान किया गया। इसके साथ ही 50 हीमोग्लोबिन टेस्ट एवं 40 कर्मचारियों का ब्लड शुगर जांच की गई ।यह आयोजन विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा सन्ना ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक पशुधन विकास डॉ देवरस ने बताया कि विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों से रक्तदान के लिए अपील की गई थी और बड़े हर्ष का विषय है कि सभी ने इसमें रुचि दिखाई और 1 दिन में ही 32 अधिकारी कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया।

### इंदिरा मार्केट के टीबी हॉस्पिटल के पास पार्किंग स्थल का महापौर व आयुक्त ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शहर के सबसे बड़े बाजार इंदिरा मार्केट के आस पास के बाज़ारो में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल और कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर यातायात व्यवस्थित पार्किंग के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ आज इंदिरा मार्केट टीबी हॉस्पिटल को स्थाई पार्किंग बनाया जा रहा है जिसका घूम कर निरीक्षण किया गया ।उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बाधित हो जाती है। दुकान के बाहर सड़क पर गाड़ी खड़ी हो जाने के कारण आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।उन्होंने दुकानदारो से अपील की है कि अपनी गाड़ी को दुकान के बाहर खड़ी न करे वे टीबी हॉस्पिटल के पास स्थाई निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है वहाँ अपना वाहन खड़ी करें ।इंदिरा मार्केट में भीड़ की वजह से होने वाले वाली अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा टीबी हॉस्पिटल के पास पार्किंग बनाया जा रहा है इसका विशेष लाभ लोगो को मिलेगा ।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,जनसपर्क अधिकारी थानसिंह यादव उपस्थित थे।

### पंचशील पंजाबी एसोसिएशन का लोहड़ी पर्व 15 को

**भिलाई।** पंचशील पंजाबी एसोसिएशन दुर्ग भिलाई की ओर से लोहड़ी पर्व का आयोजन 15 जनवरी की शाम सेक्टर-5 स्थित समाज के भवन में किया गया है। इस दौरान संगीत की धुन के बीच परंपरागत पंजाब के पकवानों की खुशबू महकेगी। समाज के सदस्य यहां एकजुट होंगे और 15 जनवरी को शाम 7:30 बजे से नाचते-गाते लोहड़ी पर्व मनाएंगे। समाज के अध्यक्ष नरेश खोसला,अध्यक्ष व महासचिव राकेश ढोड़ी ने यह जानकारी देते हुए समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार उपस्थिति का आग्रह किया है।

## प्रियदर्शनी परिसर की सड़के होंगी दुरुस्त

**महापौर परिषद् की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास उपस्थिति में हुई। बैठक में सड़कों के संधारण पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रियदर्शनी परिसर पूर्व, सुभाष चौक, गुरुनाथ हॉस्पिटल के पीछे होते हुए दक्षिण गंगोत्री मेला ग्राउंड के सामने सुपेला मुख्य मार्ग का डामरीकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। डामरीकरण के इस कार्य के लिए 60.97 लाख की राशि की स्वीकृति हुई है।



बता दें काफी समय से आकाशगंगा के व्यवसायी सड़कों के संधारण की मांग कर रहे थे।

व्यस्त सड़क होने के बाद भी इसका संधारण नहीं किया जा रहा था। अब महापौर परिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस व्यस्ततम सड़क को ठीक करने का फैसला लिया है। शीघ्र ही अब यह सड़क सुचारू आवागमन के लिए अच्छी हो जाएगी। इसी तरह खमरिया वार्ड क्रमांक एक में भी डामरीकरण किया जाएगा। पेट्रोल पंप से लेकर खमरिया जाने वाली रोड का डामरीकरण होगा और खमरिया के सड़क को दुरुस्त किया जाएगा। इसकी भी स्वीकृति आज महापौर परिषद ने दी है। वार्ड क्रमांक 12 रानी अवंती बाई कोहका स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड के संचालन एवं संधारण के लिए रुचि की अभिव्यक्ति निकाली जाएगी। तालाबों व उद्यानों के रखरखाव व संचालन, संधारण के लिए भी रुचि की अभिव्यक्ति के तहत ऑफर मंगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विद्युत पोल, उच्च स्तरीय पानी टंकी एवं सुलभ शौचालय में फ्लेक्स व विज्ञापन के माध्यम से निगम का राजस्व बढ़ाने रुचि की अभिव्यक्ति के तहत ऑफर आमंत्रित किए जाएंगे।

आज की महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गवई, लालचंद वर्मा, केशव चौबे, रीता सिंह गेरा, मीरा बंजारे, मन्नान गफ्फार खान तथा उपायुक्त नरेंद्र बंजारे एवं रमाकांत साहू, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, राजेंद्र नायक, अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागडे एवं कुलदीप गुप्ता आदि बैठक मौजूद रहे।

## कर्मा विद्यालय में लगेगा सोलर सिस्टम, क्रेडा सदस्य विजय साहू ने दिया आश्वासन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भक्त माता कर्मा सेवा समिति द्वारा संचालित कर्मा विद्यालय सुपेला भिलाई में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवर पर युवा दिवस व वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्रेडा सदस्य छत्तीसगढ़ शासन विजय कुमार साहू उपस्थित हुए। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि माननीय राजेश चटर्जी नोडल अधिकारी, गोविंद साव ब्लाक शिक्षा अधिकारी, हरिद्वारिका प्रसाद साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ भिलाई, खेद राम साहू अध्यक्ष साहू मित्र सभा भिलाई आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विजय साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांत उठो जागो और आगे बढो का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब तक की लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए की ओर चलने कहा गया। इस दौरान विजय साहू ने कर्मा विद्यालय में सोलर सिस्टम की व्यवस्था किये जाने का अश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष धनसाय साहू ने विद्यालयीन गतिविधि पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से आठवीं तक के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। आर लखेंद्र साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय में निर्धन छात्र छात्राओं को शुल्क में छूट देने का अश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त माता कर्मा सेवा समिति के पदाधिकारी व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खंडेलवाल महिला मंडल ने मनाया संक्रांति उत्सव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खंडेलवाल महिला मंडल की अध्यक्ष रश्मि ताँबी ने बताया की आज उन्होंने अपने समाज की महिलाओं के साथ संक्रांति उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जिसमे सभी महिलाओं का स्वागत हल्दी- कुमकुम लगाकर किया.कार्यक्रम में महिलाओं की लेमन स्पून रेस प्रतियोगिता हुई जिसमे सभी महिलाओं ने भाग लिया और बहुत इंजॉय किया। कार्यक्रम में हाउजी और म्यूजिकल चेयर भी था स्वादिष्ट स्वल्पाहार के साथ सबने खूब आनंद लिया ।

महिला मंडल की उपाध्यक्ष -आराधना घिया, सचिव -वर्षा बढ़ाया, कोषाध्यक्ष-सीमा गुप्ता तथा कार्यकारिणी सदस्य- रचना कूलवाल, रानू बढ़ाया, रिया बढ़ाया, और अंजली खुटेटा का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान था।

## स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगोली व पेंटिंग के जरिए बताए यातायात नियम, 200 से ज्यादा बच्चे हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन यातायात विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के बीच रंगोली व पेंटिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। श्री शंकराचार्य विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई में रंगोली एवं पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें दुर्ग भिलाई के 20 शैक्षणिक संस्थान के कुल 232 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।



प्रतियोगिता में सम्मलित दो वर्गो कक्षा 6वीं से 9वीं एवं कक्षा 10वीं से 12वीं के प्रथम पांच प्रतिभागियो का चयन कर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सडक सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

इससे पहले जयंती स्टेडियम के पास आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के दौरान हजारों बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने डीएसपी ट्रैफिक सतीष ठाकुर द्वारा शपथ दिलाया गया। यातायात नियमों की जानकारी अंजोर रथ में लगे एलईडी स्क्रीन एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से दी गई। इसके अलावा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्राम उतई में आयोजित मंडई मेला कार्यक्रम में अंजोर रथ एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से ग्रामीणो को यातायात नियमों के पालन ना करने से होने वाले गंभीर परिणाम से अवगत कराया गया एवं यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई।

इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में ई-रिक्शा में लगे स्पीकर, बैनर पोस्टर एवं पाम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम की इस कडी में यातायात कार्यालय नेहरू नगर भिलाई में लगे प्रदर्शनी स्थल पर एमजीएम स्कूल, नालंदा स्कूल, खादी मेमोरियल स्कूल एवं बीआईटी कॉलेज के कुल 341 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गय। हमेशा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार आरटीओ द्वारा कुल-54 लोगों का लर्निंग लायसेंस बनाया गया। चौक चौराहों में दुर्ग भिलाई यातायात पुलिस द्वारा कुल 2200 वाहन चालकों को यातायात निमयों एवं वाहन चालन के संबंध में जानकारी दी।

## माताओं को शिशु आहार के प्रति जागरूक किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** समाजसेवी संगठन गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदनी में सुपोषण चौपाल का आयोजन नंदिनी (2)आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया जिसमें नंदिनी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक.1,2,3,4 के लोग शामिल हुए। इस दौरान माताओं को दो बच्चे के जन्म के बीच मे अंतर रखने तथा समय से ऊपरी आहार को शुरू करने को प्रोत्साहित किया गया।



इन आंगनवाड़ियों के मध्यम व गंभीर कुपोषित बच्चों को जीई फाउंडेशन की ओर से सुपोषण किट के साथ स्वच्छता किट प्रदान की गई। इस सुपोषण किट में फुटा चना, फल्लीदाना, मूंग, गुड़, बादाम और साथ मे प्रोटीन पाउडर दिया गया है वहीं स्वच्छता किट में नैपकिन, साबुन व नेल कटर प्रदान किया गया जिसे माताओं को उपयोग करने का सलाह दी गई है।

महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक विद्या ताम्रकार,कार्यकर्ता नंदिनी 1से अनुसूइया बंजारे, नंदिनी 2 से शशिकांता जांगड़े, नंदिनी 3 से कांति साहू, नंदिनी 4 से संगीता जांगड़े,जनपद सदस्य प्रेमलाल देशलहरे व अन्य लोगों की मौजूदगी में इस कार्यक्रम में उन माताओं का भी सम्मानित किया, जो अपने बच्चो को सुपोषित करने पोषण पुनर्वास केंद्र ( एनआरसी) लेकर पहुंची।

इस अवसर पर जीई फाउंडेशन से प्रदीप पिल्लै, प्रकाश देशमुख और अजित सिंह मौजूद थे। इस पहल के लिए आंगनबाड़ी में मौजूद माताओं ने जीई फाउंडेशन का आभार जताया है।

## कोक ओवन में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्म शिरोमणि पुरस्कार योजना के अंतर्गत कर्म शिरोमणि पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 13 जनवरी 2023 को कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के सभागार में किया गया। इस समारोह में कोक ओवन के विभाग प्रमुख तरूण कनरार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विभाग प्रमुख तरूण कनरार ने षिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुषंसित राजेष तिवारी मास्टर आपरेटर व रोहित राम, चीफ मास्टर तकनीशियन को माह दिसम्बर 2022 में विभाग में बेहतरीन प्रदर्षन के लिए कर्म षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत कार्मिकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रषस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुभाग प्रमुख समीर रायचैधरी, बी पासवान, एम एस नायक, महाप्रबंधक पी एम राजेन्द्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) वी रामाराव ने किया तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भिलाई निगम और चेंबर ऑफ कॉमर्स के मध्य हुई महत्वपूर्ण बैठक

## मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत, चेंबर ऑफ कॉमर्स चलाएगा मुहिम, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण की दिशा में बढ़ाएगा कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मार्केट क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चेंबर ऑफकॉमर्स तथा भिलाई निगम के मध्य बैठक निगम सभागार में आयोजित हुई। बैठक में चेंबर ऑफकॉमर्स के पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि मार्केट क्षेत्रों को किस प्रकार से बेहतर बनाया जा सकता है, इसके लिए मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत हमें इस पहलुओं पर कार्य करने की आवश्यकता है।



इसके लिए एक बेहतर प्लान तैयार कर इस पर अमल भी करना चाहिए। इस पर चेंबर ऑफकॉमर्स ने मार्केट क्षेत्रों को एक आदर्श मार्केट के रूप में तैयार करने तथा स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण व अन्य दिशा में कार्य करने मुहिम चलाने की बात कही। चेंबर ऑफकॉमर्स के पदाधिकारी व व्यवसायी अलग-अलग मार्केट क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण एवं मार्केट क्षेत्रों को अच्छा बनाने के लिए अपनी प्लानिंग तैयार करेगी और इसके लिए सभी जोन आयुक्त के साथ उनके जोन क्षेत्रों के चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा मार्केट क्षेत्र के एसोसिएशन के साथ मिलकर बैठक भी आयोजित होगी। निगम आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान भी मार्केट क्षेत्रों में चलाएगा इसके साथ ही मार्केट क्षेत्रों में चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यवसायियों के अनुसार कचरा संग्रहण का समय निर्धारित किया जाएगा। मार्केट क्षेत्रों में तथा आसपास में सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य करते हुए व्यवसायी आर्नामेंटल पौधों के साथ गमले आदि भी अपने दुकानों के समीप रखेंगे।

स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए व्यवसायी और निगम मिलकर कचरा तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त मार्केट बनाएंगे। मार्केट क्षेत्रों में पार्किंग स्थलों का भी चयन होगा इसके साथ ही महिला एवं पुरुष शौचालय के लिए भी स्थल चयन किया जाएगा। व्यवसाय से यातायात प्रभावित न हो इसकी पहल की जाएगी, नालियों पर अतिक्रमण न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

चेंबर ऑफ कॉमर्स से यह अपील की गई कि कचरे इधर-उधर फेंकने वालों तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करने वालों पर लगाम लगाने के लिए निगम का भी सहयोग करें। मार्केट क्षेत्रों में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण का भी ध्यान रखा जाएगा। मार्केट क्षेत्रों को तथा शहर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई विषयों को लेकर निगम और चेंबर ऑफकॉमर्स तथा व्यवसायी मिलकर संयुक्त अभियान भी चलाएंगे। उल्लेखनीय है कि मेयर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा व आयुक्त रोहित व्यास ने हाल ही में मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण किया था और मार्केट क्षेत्रों में मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत कार्यों को प्राथमिकता देने इस मुहिम से चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा अन्य व्यवसायीयों को जोड़ने बैठक आयोजित करने की बात कही थी। इसी तारतम्य में आज अहम बैठक आयोजित हुई। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, ईई डी के वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, ए ई आर एस राजपूत, चेंबर ऑफकॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन, सुधाकर शुक्ला, राकेश मल्होत्रा, मनोहर कृष्णानी, विनोद प्रसाद, लक्ष्मण आमलानी, अखराज ओसवाल, शिवराज शर्मा, दिनेश सिंघल, संजय राव, सुमन कनोजे, सर्वेश खटी, मंजीत सिंह, सुनील मिश्रा, ऋषभ जैन, लक्ष्मण कुमार एवं बृजेश पोदार आदि मौजूद रहे।

## नराकास स्तरीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भिलाई द्वारा 30 नवम्बर, 2022 को नराकास स्तरीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 12 जनवरी 2023 को इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेतागणों को पुरस्कृत किया गया। सतीश कुमार बाजपेयी, कमांडेंट केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भिलाई, सौमिक डे, उप महाप्रबंधक, संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा एवं सचिव, नराकास भिलाई-दुर्ग व श्री प्रिंस, सहायक कमांडेंट की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया।




अतिथियों का स्वागत आर बी पाण्डेय, निरीक्षक ने किया। उन्होंने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भिलाई द्वारा हिंदी में ज्यादातर कार्य हिंदी में संपादित किए जा रहे हैं तथा विभागीय क्रियाकलापों में हिंदी का प्रयोग किया जा रहा है कि जानकारी देते हुए ऑनलाइन क्विज विजेताओं की सूची का वाचन किया गया। सौमिक डे, उप महाप्रबंधक, संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा एवं सचिव, नराकास भिलाई-दुर्ग ने अपने उदबोधन में समस्त नराकास संस्थानों द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित किये जा रहे विभिन्न प्रयासों की प्रशंसा की। राजभाषा को कार्यालयीन स्तर पर अधिक से अधिक प्रचारित व प्रसारित करने हेतु नराकास सचिवालय निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जानी की जानकारी दी। नराकास के विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में ज्ञानवर्धक व रोचकता का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को इसमें भाग लेने हेतु प्रेरित किया। सतीश कुमार बाजपेयी, कमांडेंट केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भिलाई ने नराकास भिलाई-दुर्ग द्वारा आयोजित गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ मूलत: हिंदी भाषी क्षेत्र होने के कारण यहाँ के निवासी हिंदी भली-भांति समझते पढ़ते और लिखते हैं। कामकाज में तथा सैन्य क्षेत्र में भी हिंदी भाषा, आम भाषा के रूप में प्रयोग में लायी जाती है। अलग अलग प्रादेशिक भाषाओं के साथ ही साथ घर पर हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग किये जाने पर जोर दिया। अत: हमें सरलतम भाषा अर्थात हिंदी भाषा का प्रयोग करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950